




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**

**मीडिया हाउस** में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 334 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 16 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### चीता प्रोजेक्ट के दूसरे चरण की तैयारी कर रही सरकार, कल मनाई जाएगी पहली वर्षगांठ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत उन चीतों को आयात करने की योजना बना रहा है जिनमें गंभीर संक्रमण का खतरा नहीं होगा। कूनों में लाए गए तीन चीतों की संक्रमण के कारण मौत हो गई थी। इन्हें अफ्रीका से भारत स्थानांतरित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाई गई बाघों के एक समूह को एक बाड़े में छोड़कर भारत में प्रोजेक्ट चीता का उद्घाटन किया था। रविवार को प्रोजेक्ट चीता की पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी।

पर्यावरण मंत्रालय में वन विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक एसपी यादव ने पीटीआई साक्षात्कार में इस बात पर जोर दिया कि परियोजना के दूसरे साल में इन जानवरों के प्रजनन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि रेडियो कॉलर चीतों को पहनने के लिए बनाया गया था, जिससे कोई संक्रमण नहीं हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने इन कॉलर को उसी दक्षिण अफ्रीकी निर्माता के नए कॉलर से बदलने का फैसला किया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रमुख यादव ने कहा कि चीतों के अगले बैच को दक्षिण अफ्रीका से आयात किया जाएगा और मध्य प्रदेश के गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में रखा जाएगा। वहां साल के अंत तक चीतों का स्वागत करने की योजना है।

यादव ने स्वीकार किया कि भारत में चीतों के प्रबंधन के पहले वर्ष में सबसे बड़ी चुनौतियों में एक एक अफ्रीकी सर्दियों (जून से सितंबर) की प्रत्याशा में भारतीय गर्मियों और मानसून के दौरान कुछ चीतों में शीतकालीन कोट का अप्रत्याशित विकास था। वरिष्ठ वन अधिकारी ने कहा कि अफ्रीकी विशेषज्ञों को भी इसकी उम्मीद नहीं थी।

यादव ने बताया कि इस मौसम में सर्दियों से बचाव के लिए निकले कोट में उच्च आर्द्रता और तापमान के साथ मिलकर खुजली होती है, जिससे जानवरों को पेड़ के तने या जमीन पर अपनी गर्दन खरोंचने के लिए प्रेरित किया जाता है।

#### विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की हाईटेक तैयारी

# एआई तकनीक के साथ लड़ेगी चुनाव राजधानी में तैयार हुआ वार रूम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही कांग्रेस व भाजपा अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। इस बीच खबर आ रही है कि कांग्रेस पार्टी इस बार हाईटेक तरीके से चुनाव लड़ेगी। इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने अत्याधुनिक तकनीक से लैस वार रूम तैयार किया है। इस वार रूम की डिजाइनिंग ऐसी है कि यहां पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में बने इस वार रूम की शुरुआत कर दी है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का यह हाइटेक वाररूम में 24 घंटे काम करेगा।

बता दें छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी ने अपने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है वहीं कांग्रेस पार्टी अभी भी इसपर मंथन कर रही है। प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं होने के पीछे कांग्रेस आलाकमान का अपना तर्क है। वहीं कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों में कमी नहीं कर रही है। राजधानी रायपुर में हाईटेक वार रूम बनाकर इसकी शुरुआत कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस वार रूम में अलग-अलग विशेषज्ञता रखने वाले 250 से ज्यादा स्पेशलिस्ट को तैनात किया गया है। यहीं से प्रदेशभर में संगठन पर बूथ स्तर तक नजर रखी जाएगी।



### मोबाइल पर पहुंचेगी सरकार की उपलब्धि

कांग्रेस पार्टी मोबाइल के जरिए अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार के संदेश को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ ही विपक्ष की नाकामियों को हर व्यक्ति के मोबाइल तक पहुंचाने की रणनीति तैयार की जा रही है। कांग्रेस पार्टी की नजर व्हाट्सएप ग्रुप, ब्रॉडकास्ट, फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल, यूट्यूब चैनल्स पर भी है। डिजिटल वार रूम की नजर इन सब पर है। सरकार इसके जरिए चुनाव प्रचार व तैयारियों को डिजीटल मोड पर ले जाना चाहती है। यही नहीं आगामी चुनाव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रदेश के मतदाताओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सीधा संवाद करवाया जाएगा। इस टेक्नोलॉजी के माध्यम से मुख्यमंत्री एक ही समय में व्यक्तिगत रूप से लाखों मतदाताओं से जुड़ पाएंगे।

### वार रूम से 360 डिग्री वॉच करेगी कांग्रेस

राजधानी में तैयार वार रूम से कांग्रेस पार्टी प्रदेश के वोटरों को 360 डिग्री पर करेगी। कहने का मतलब है कि ऐसा प्रबंध किया गया है कि सभी 90 विधानसभाओं पर नजर रहेगी। इस वार रूम में डाटा इंटेलिजेंस, पॉलिटिकल इंटेलिजेंस, ग्राउंड कैंपेन टीम, फ़ील्ड मैनेजमेंट, सोशल मीडिया प्रबंधन टीम, डिजिटल मीडिया एंड पब्लिकेशन, मीडिया मॉनीटरिंग, फेक न्यूज़ मॉनीटरिंग सेल, बूथ मैनेजमेंट, ट्रेनिंग डिपार्टमेंट, कॉल सेंटर, कनेक्ट सेंटर और अलग से स्टूडियो तैयार किया गया है। इतना नहीं विशेषज्ञों की एक टीम भी बनाई गई है जो कि प्रदेश के सभी 90 विधानसभाओं में काम कर रही है।

### बारामूला में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को किया ढेर, अनंतनाग में चौथे दिन जारी है एनकाउंटर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारा गया। वहीं, अनंतनाग में छिपे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ लगातार चौथे दिन जारी है। आतंकियों को मार गिराने के लिए ड्रोन का भी सहारा लिया जा रहा है, जिसमें वे सुरक्षाबलों की गोलीबारी से खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं। कश्मीर जोन पुलिस ने एनकाउंटर की जानकारी देते हुए कहा कि, बारामूला जिले के उरी में आतंकवादियों की सेना और बारामूला पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। इस एनकाउंटर में दो आतंकवादी मारा गया है। आपको बता दें कि यह मुठभेड़ ऐसे समय में हो रही है, जब अनंतनाग जिले के जंगलों में डेरा डालने वाले आतंकवादियों को काबू में करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। यहां लगातार चौथे दिन जारी एनकाउंटर के दौरान जोरदार विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन निगरानी का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। घाटी के पुलिस प्रमुख ने आश्वासन दिया था कि आतंकवादियों को मार गिराया जाएगा।

## निपाह वायरस ने बढ़ाई चिंता, ऑस्ट्रेलिया से मांगी गई एंटीबॉडी डोज; ICMR करेगा वैक्सीन पर काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल के कोझिकोड में शुक्रवार को निपाह वायरस के एक ताजा मामले की पुष्टि हुई, जिसके बाद इस संक्रमण की चपेट में आने वाले मरीजों की कुल संख्या छह हो गई। जबकि मरने वालों की संख्या दो बनी हुई है। केरल निपाह के मामलों में नए सिरे से वृद्धि से जूझ रहा है। मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाने वाला वायरस संक्रमित चमगादड़, सूअर या लोगों के शरीर के तरल पदार्थ के संपर्क से फैलता है। इस वायरस का पहली बार 2018 में पता चला था।

स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार हाई अलर्ट मोड में है और उन लोगों की जांच कर रही है जो संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में रहे। केरल स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि उसने पॉजिटिव रोगियों की कॉन्टैक्ट लिस्ट में कुल 1,080 व्यक्तियों की पहचान की है और सैंपल एकत्र करना शुरू कर दिया है।

वहीं केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य सरकार से कहा कि यदि आवश्यक हो तो महामारी के मद्देनजर मासिक पूजा के लिए खुलने पर सबरीमाला की तीर्थयात्रा के लिए दिशानिर्देश जारी किए जाएं। एहतियात के तौर पर, कोझिकोड में सभी शैक्षणिक संस्थान अगले रविवार तक एक सप्ताह के लिए बंद रहेंगे, जबकि ऑनलाइन कक्षाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इस बीच, निपाह मामलों का इलाज करने वाले सभी अस्पतालों को एक मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया गया है जो दिन में दो बार बैठक करेगा और रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंपेगा।

स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि अन्य जिलों में लगभग 29 लोग निपाह संक्रमित लोगों की संपर्क सूची में हैं। उन्होंने कहा कि संपर्क सूची बढ़ने की संभावना है और 30 अगस्त को मरने वाले व्यक्ति के दाह संस्कार में शामिल होने वाले 17 लोगों को क्वारंटीन कर दिया गया है।

इस बीच, केरल पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति के खिलाफ कथित तौर पर वायरस से संबंधित फर्जी खबरें पोस्ट करने का मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कोइलांडी निवासी अनिल कुमार ने कथित तौर पर सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी खबर प्रसारित की, जिसमें दावा किया गया कि निपाह वायरस फार्मा कंपनियों द्वारा बनाई गई एक नकली कहानी है।



### आईसीएमआर बनाएगा वैक्सीन

इस बीच, सरकार वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयास कर रही है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह इसके इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 और खुराक खरीदेगी। आईसीएमआर के डीजी राजीव बहल ने शुक्रवार को कहा, ऑस्ट्रेलिया से खरीदी जा रही दवा को संक्रमण के शुरुआती चरण के दौरान दिए जाने की जरूरत है। उनके मुताबिक, भारत में अब तक किसी को भी यह दवा नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि निपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर कोविड में मृत्यु दर की तुलना में बहुत अधिक (40 से 70 प्रतिशत के बीच) है। बहल ने कहा कि आईसीएमआर इस वायरल बीमारी के खिलाफ टीका विकसित करने पर भी काम शुरू करने की योजना बना रहा है।

## छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भारी बारिश की आशंका, 3-4 दिनों बाद तापमान बढ़ने की संभावना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज शनिवार को भी राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। कई जगहों पर गरज चमक के साथ भारी बारिश की संभावना है। बीते दिनों छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। इससे नदी-नाले उफान पर हैं। इन दो दिनों में केवल रायपुर में ही 161.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में एक जून से लेकर 15 सितंबर तक 937.6 मिलीमीटर बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कुछ दिनों के बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ सकती है। प्रदेश में बारिश की गतिविधि में कमी आ सकती है। इसके साथ ही आज शनिवार को प्रदेशभर के कई इलाकों में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।



बता दें कि बीते दिनों मौसम विभाग में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। कई जगहों पर तेज बारिश भी हुई। इससे नदी-नाले उफान पर भी हैं।

### रायपुर में मौसम का हाल

राजधानी रायपुर में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। देर शाम तक बारिश के आसार हैं। बीते एक जून से लेकर अब तक प्रदेश में कुल 1179.1 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो की सामान्य से 12 प्रतिशत ज्यादा है। दो दिनों में 161.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। इससे निचले स्तरों पर जलभराव हो गया है।

## आईटीआई ग्राउंड में युवक की बेरहमी से पिटाई, अस्पताल में हुई मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में बीती रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना आईटीआई ग्राउंड की बताई जा रही है। शुक्रवार रात लगभग 8:30 से 9 बजे के बीच बदमाशों ने युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लग गई है।

मृतक मलकीत सिंह, थाने का घेराव करने पहुंचे सिख समुदाय के लोग खुर्सीपार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान खुर्सीपार स्थित गुरुद्वारा बेबे नानकी जी प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह के बेटे मलकीत सिंह उर्फ वीरू के रूप में हुई है। मलकीत सिंह दुर्गा मंदिर वार्ड खुर्सीपार में रहता था और इनकी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई की दुकान है। वह शुक्रवार रात को गदर 2 मूवी देखकर लौट रहा था, इस बीच आईटीआई मैदान के पास कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और उससे मारपीट की।

घटना रात 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मलकीत जैसे की आईटीआई मैदान के पास पहुंचा तो करीब 5-6 युवकों ने उसे रोक लिया। इसके बाद बदमाश युवक






उससे गालीगलौच कर मारपीट करने लगे। मलकीत ने इसका विरोध किया तो चाकू निकाल कर मार दिया। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। इसके बाद सभी उसे छोड़कर भाग गए। बुरी तरह से घायल मलकीत कोरायपुर के रामकृष्णा केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### एक आरोपी हिरासत में

इस मामले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि बीती रात आईटीआई ग्राउंट के पास कुछ बदमाशों ने युवक की पिटाई कर चाकू मारा था। इससे घायल युवक को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। एक संदेही को हिरासत में ले लिया गया और बाकि की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की है।

### सिख समुदाय ने किया थाने का घेराव

घटना के बाद सिख समुदाय में भारी रोष है। गुरुद्वारा कमेटी के सभी सदस्य और सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में खुर्सीपार थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद एएसपी संजय ध्रुव भी मोके पर पहुंचे। सिख समुदाय के लोगों को समझाइश दी गई। खुर्सीपार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। खुर्सीपार पुलिस ने 6 संदेहियों की पहचान की है और उनकी खोजबीन में लग गई है। वहीं सिख समुदाय के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने में डटे हुए हैं।

## एक जुमला मात्र रह गया है सनातन

श्रीकंचनपथ




'सनातन' का शाब्दिक अर्थ है - शाश्वत, यानी जिसका न आदि है न अन्त। सनातन धर्म को हिन्दू धर्म अथवा वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया है कि घमंडिया गठबंधन सनातन को खत्म करने में लगा है। जो शाश्वत है, उसे कोई कैसे खत्म कर सकता है? या तो पहली बात झूठ है या फिर दूसरी बात असत्य। दरअसल, सनातन को लेकर देश में केवल बतोलेबाजियां की जा रही हैं। सनातन के नाम पर लोगों को भरमाने की कोशिशें की जा रही हैं। जो लोग दिन भर सनातन की बात करते हैं, खुद उन्हें सनातन को समझने की जरूरत सबसे ज्यादा है। सनातन धर्म स्पष्ट है। इसमें पितृ धर्म, मातृधर्म, पुत्रधर्म, राजधर्म, आदि सुस्थापित हैं। बहुत ज्यादा क्लिष्टता में जाने की जरूरत नहीं है। मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन उठाकर देख लें, सभी जवाब हाथ के हाथ मिल जाएंगे। प्रभु श्रीराम को जनता का अपार समर्थन प्राप्त था, बावजूद इसके उन्होंने पुत्रधर्म का पालन किया क्योंकि उस समय तक उनके पिता ही राजा थे। उनके लिए वनवास का मतलब वनवास था, उन्होंने किसी भी सुख सुविधा को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता जताई। वनवास काल में भी उन्होंने राजपरिवार का सदस्य होने के धर्म का पालन किया और किसी भी अन्य राजा का सहयोग नहीं लिया। यहां तक कि सीता माता का अपहरण होने के बाद भी उन्होंने सुग्रीव, जामवंत आदि मित्रों के सहयोग से ही त्रिलोक विजयी लंकेश्वर को चुनौती दी। भाइयों के प्रति, माताओं के प्रति उनका समभाव हमेशा बना रहा। माता सीता को लेकर उन्होंने राजधर्म का पालन किया क्योंकि तब वे राजा बन चुके थे। माता सीता ने भी सहधर्मिणी धर्म का ही पालन किया। गृहस्थ धर्म का पालन करने के कारण ही सीता माता का अपहरण संभव हुआ। रावण की कैद में उन्होंने सती धर्म का पालन किया। बाली का वध करने के बाद श्रीराम ने राजपाट राजपरिवार के ही सुग्रीव को सौंपा। रावण का वध करने के बाद भी उसी राजपरिवार के सदस्य विभीषण को सत्ता सौंपी। सनातन में धर्म का पालन करने के लिए राजपाट त्यागने का, कष्टों को शिरोधार्य करने का और धर्म की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग तक करने के प्रसंग आते हैं। एक वचन का मान रखने के लिए राजा बलि वामन को अपना राजपाट सौंपकर पाताल में चले जाते हैं। सनातन में दरिद्र को नारायण मान कर उसकी सेवा की जाती है। बलवान का पहला कर्त्तव्य निर्बल की सुरक्षा करना है। सनातन में बाल्यावस्था, किशोरावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था की भूमिकाएं तय थीं। एक आज का सनातन है जो छल-बल-कौशल से सत्ता हथियाना चाहता है। आलीशान जिन्दगी जीने वाले धर्मगुरू राजसी सिंहासनों पर बैठकर लोगों को हिन्दुत्व और सनातन समझा रहे हैं। गरीबों को मुफ्तखोर कहा जा रहा है। जनता को राहत देने वाली सरकारों को बदनाम किया जा रहा है। फैसला करें, असली सनातनी कौन?




## संपादकीय

### गुस्से का समाधान

अक्सर छोटे विवाद भी ऐसा घातक रूप ले लेते हैं कि लोग एक-दूसरे की जान के दुश्मन बन जाते हैं। समाज और शासन-प्रशासन के स्तर पर यह जितना दुखद है, उतना ही शर्मनाक भी। बिहार के फतुहा जिले के गांव सुरगा में दो परिवारों के बीच महज 400 रुपये के दूध विवाद ने ऐसा विकराल रूप ले लिया कि दोनों के बीच गोलियां चल गईं और तीन लोग मारे गए। अब पूरे इलाके में तनाव है। दोनों परिवार वर्षों से पास-पास रहे होंगे, सुख-दुख के साथी रहे होंगे, पर नौबत यहां तक पहुंच गई कि एक-दूसरे के दुश्मन बन बैठे। इस त्रासद घटना का एक दूसरा पहलू भी है, दोनों परिवारों के बीच भूमि विवाद चल रहा था। पहले भी मारपीट हो चुकी थी। मतलब, गुस्सा धीरे-धीरे बढ़ रहा था, तभी तो दोनों ओर के सदस्यों को बंदूक उठाने और चलाने में कुछ भी गलत नहीं लगा। यह हमारे समाज की स्याह सच्चाई है कि लोगों के अंदर किसी न किसी वजह से गुस्सा सुलग रहा है, जो मौका मिलते ही विस्फोट करता है। समाधान क्या है? क्या हम गुस्से को बढ़ाते हुए अपने जीवन को ऐसे ही घर, चौराहे पर मुश्किल बनाते जाएंगे? मामला किसी एक राज्य का नहीं है, लगभग पूरे देश में ऐसी ही स्थिति है। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो ताजा मामला कौशांबी का है, जहां जमीन विवाद में तीन हत्याएं हुईं और गुस्साए लोगों ने कुछ घरों को आग के हवाले कर दिया। छोटे से विवाद से बहुत तनाव की स्थिति बन गई। क्या ऐसी स्थितियों को टाला नहीं जा सकता? क्या सरकारों के पास ऐसे विवादों को सुलझाने के लिए कोई विशेष ढांचा है? भूमि विवाद के चलते होने वाले झगड़े-फसाद में बिहार देश में अव्वल है, पारिवारिक विवाद में भी बिहार अव्वल है और उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, साल 2021 की रिपोर्ट बताती है कि बिहार में 65 प्रतिशत अपराध केवल भूमि विवाद के चलते दर्ज होते हैं। साथ ही, बिहार में हर पांचवीं हत्या जमीन विवाद के चलते होती है। भूमि विवाद से उत्तर प्रदेश भी परेशान है और देश के अन्य राज्य भी, पर पुख्ता समाधान क्या है? शासन कई बार भलमनसाहत के साथ आगे आता है, पर वास्तव में भूमि विवादों या मामलों को सुलझाने की जिम्मेदारी जिस प्रशासन के पास है, उसकी उदासीनता या लापरवाही आड़े आ जाती है। विवाद सुलझाने की कवायद की चर्चा छोड़ दीजिए, सामान्य दाखिल-खारिज के मामलों की ही अगर समीक्षा की जाए, तो बहुत निराशा होती है। राज्यों की राजधानियों में ही दाखिल-खारिज जैसा सामान्य कार्य बड़ी संख्या में लंबित है। भूमि संबंधी विभाग में हर चरण पर फाइलें अटकती हैं। चूंकि भूमि-सुधार की प्रक्रिया पूरे देश में कमजोर है, तो जाहिर है, इससे अपराध को बल मिलता है और पुलिस का काम बढ़ जाता है। भूमि के मामले में असमानता भी बहुत ज्यादा है, इससे भी संघर्ष की स्थिति बनती है। ऐसे विवाद वर्षों तक चलते हैं और गांव-मुहल्लों में धीरे-धीरे रोष पलकर एक दिन अपराध के रूप में घटित हो जाता है। अब समय आ गया है कि हम छोटे विवादों को भी पूरी गंभीरता से लें। शासन-प्रशासन के स्तर पर जल्दी निपटारे के लिए तरजीह दें। निस्संदेह, सबसे पहले परिवार के स्तर पर मामलों को सुलझाया जाए, उसके बाद मुहल्ले के स्तर पर और उसके बाद पंचायत या स्थानीय निकाय के स्तर पर यथोचित समाधान निकाल लिया जाए। कम से कम मामलों में अदालत या पुलिस तक जाने की नौबत आनी चाहिए। इसके लिए आज सबसे जरूरी है आपसी समझदारी।

> “ राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, साल 2021 की रिपोर्ट बताती है कि बिहार में 65 प्रतिशत अपराध केवल भूमि विवाद के चलते दर्ज होते हैं। साथ ही, बिहार में हर पांचवीं हत्या जमीन विवाद के चलते होती है। भूमि विवाद से उत्तर प्रदेश भी परेशान है और देश के अन्य राज्य भी, पर पुख्ता समाधान क्या है?

## दक्षिण अफ्रीका और भारत

इसी मास पेरिस में संयुक्त राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का अधिवेशन हो रहा है जिसमें भारत की दिलचस्पी के कई विषय हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल इसके लिए विजयालक्ष्मी पंडित के नेतृत्व में हमारे देश से रवाना भी हो चुका है। विचारणीय विषयों में औपनिवेशिक बस्तियों के लिए संयुक्त राष्ट्रीय निरीक्षण वाला भारत का प्रस्ताव कम महत्वपूर्ण नहीं है जिसके विरुद्ध ब्रिटेन तथा और भी कई राष्ट्र हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध अपने अभियोग की पुष्टि के लिए भारत द्वारा प्रस्तुत निम्न मुद्दे भी विशेष ध्यानाकर्षक हैं (1) दक्षिण अफ्रीकी सरकार जातीय पक्षपात और अश्वेतों पर गोरों के प्रभुत्व की नीति की समर्थक है; (2) एशियायी भूमि अधिकार बिल और भारतीय प्रतिनिधित्व नियम दक्षिण अफ्रीका में आज भी पूर्ववत हैं; (3) भारतीयों तथा अन्य एशियाई निवासियों के सीमित राजनैतिक अधिकार समाप्त करने की भी घोषणा की गई है; और (4) निवास और व्यापार संबंधी जातीय भेदभाव से केप प्रान्त बचा हुआ था परन्तु वहां भी यह जारी हो गया है।

दक्षिण अफ्रीका संबंधी मुद्दों को हम विशेष महत्व देते हैं कि इस बारे में पहले संयुक्त राष्ट्रीय दक्षिण अफ्रीका की परोक्ष भर्त्सना कर चुका है और इसीलिए आशा यह की जानी चाहिए थी कि स्थिति में सुधार होगा, किन्तु फील्ड मार्शल स्मट्स के हाथ से शासन डॉ. मलान के हाथ में जाने के बाद इससे उलटा हुआ है और उपर्युक्त स्थिति सामने आई है। यही नहीं, भारत के संयुक्त राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में यह प्रश्न उठाने पर दक्षिण अफ्रीकी भारतीयों के नेता डॉ. दादू और डा. नैकर सही हालत बताने को वहां पहुंचने वाले थे, उन्हें पासपोर्ट मिल जाने पर भी रोक दिया गया है। पासपोर्ट रद्द करने के कारण स्वभावत ऐसे दिये गये हैं जिनसे वास्तविकता को ढक कर लोगों को भुलाया जा सके। जैसे, कहा गया है कि, (1) सक्रिय साम्यवादी हलचल मचाने वाले हैं, (2) कानून-यंत्र को उन्होंने अपना पेशा बना रखा है, और (3) ऐसी हलचलें करते रहते हैं जो दक्षिण अफ्रीका के हितों के प्रतिकूल हैं। कहने की जरूरत नहीं कि ये सब आरोप मिथ्या हैं।

## महंगाई से राहत नहीं

अगर मुद्रास्फीति दर में बहुत मामूली गिरावट भी आ जाए, तो अखबारी सुर्खियां उसे इस रूप में पेश करती हैं, जैसे अब महंगाई में वास्तविक गिरावट आने लगी है। जबकि उसका असल मतलब यह होता है कि गुजरे महीने या तिमाही में महंगाई बढ़ने की दर कुछ धीमी रही। मसलन, अगस्त के आंकड़ों में बताया गया है कि इस महीने मुद्रास्फीति की दर 6.83 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह दर 7.44 फीसदी थी। इसका अर्थ यह हुआ कि महंगाई जुलाई की तुलना में 0.61 प्रतिशत कम दर से बढ़ी। क्या इसे महंगाई पर काबू पा लेना कहेंगे? अब जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति का आंकड़ा भी आया है, जिसके मुताबिक उस महीने खाद्य पदार्थों की कीमत लगभग दस प्रतिशत की दर से बढ़ी। जाहिर है, लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिल रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उर्वरकों की बिक्री रोक दी है। 2022 में रूसी कंपनियां भारत की सबसे बड़ी खाद सप्लायर बन गई थी। तब प्रतिबंधों के कारण रूसी खाद कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद बेचने में परेशानी हो रही थी।

इससे बचने के लिए उन्होंने भारत को सस्ते दाम पर डी-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बेचना शुरू किया। एक विदेशी समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक अब यह सस्ती सप्लाई बंद हो कर दी गई है। एजेंसी ने भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी से इस सूचना की पुष्टि भी की है। डीएपी भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली रासायनिक खाद है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने रूस से 43.5 लाख टन रासायनिक खाद खरीदी। इनमें सबसे ज्यादा हिस्सेदारी डीएपी, यूरिया और एनपीके खाद की थी। सस्ती सप्लाई रुकने का सीधा असर खेती की लागत बढ़ने के रूप में सामने आएगा।

> “ 10 हजार 300 किलोमीटर पर जो दूरी उत्तर कोरिया और अमेरिका की रही है, वह लंबे समय से चली नूराकुश्ती के लिए अब तक आसान थी। मगर, जिस दिन उत्तर कोरिया ने 11 हजार किलोमीटर तक भेदने वाली रूसी 'तोपोल-एम मिसाइल' तकनीक हासिल कर ली, अमेरिका की नींद उड़ा देने के लिए काफी होगी। पुतिन का यही प्रयास है कि व्हाइट हाउस की नींद हर लो।

# उत्तर कोरिया की निरंकुशता बढ़ाएंगे पुतिन!

पुष्परंजन



पुतिन और किम जोंग उन की ताज़ा मुलाकात वाली खबर से 80 साल के जो बाइडेन की भृकुटियां तन गई हैं। पुतिन उत्तर कोरिया जाएंगे, और अब यह देश रूसी सैन्य सहकार के मामले में परोक्ष नहीं, प्रत्यक्ष दिखेगा। किम कोई चार साल से व्हाइट हाउस की नज़रों से उपेक्षित चल रहे थे। उत्तर और दक्षिण कोरिया के मुहाने पर अवस्थित पनमुनजोम के फ्रीडम हाउस में ट्रंप और किम तीसरी बार 30 जून, 2019 को मिले थे। उससे पहले जून, 2018 में सिंगापुर, और फरवरी, 2019 में हनोई में ट्रंप और किम की मुलाक़ातें हुई थीं। उन तीन मुलाक़ातों में परमाणु मामलों से लेकर सीमा विवाद के हल के तमाम वादे हुए थे। किम को अमेरिका आने के वास्ते ट्रंप ने आमंत्रित किया था। कुर्सी गई, तो बात आई-गई हो गई। अब व्हाइट हाउस के रणनीतिकार अपनी चूक पर अफसोस प्रकट कर रहे हैं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों को वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पर बुधवार को हुई इस हाई प्रोफाइल मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए बताया कि पुतिन ने एक सर्वोत्कृष्ट रूसी राइफल किम को थमाया, बदले में किम ने भी पुतिन को उत्तर कोरियाई राइफल उपहार स्वरूप भेंट में दी। राइफलों के आदान-प्रदान के हवाले से पूरी दुनिया को संदेश देना काफी है कि रूस और उत्तर कोरिया आने वाले समय में क्या करेंगे। रूस को ऐसे थर्ड कंट्री की ज़रूरत है, जहां से वह हथियार मंगाये, और यूक्रेन में उसका इस्तेमाल करे। उत्तर कोरिया के पास हथियारों का जखीरा पड़ा है। व्हाइट हाउस ने ललकारा, 'ऐसा हुआ, तो अंजाम भुगतने को तैयार रहें। तत्काल तो यही लगता है कि उत्तर कोरिया को एक बार फिर प्रतिबंध भुगतने पड़ सकते हैं। दूसरा, पुतिन की तरह किम जोंग उन भी मोस्ट वांटेड युद्ध अपराधी घोषित कर दिये जाएं।

लेकिन उत्तर कोरिया को यह सब करके क्या मिलना है? रक्षा मामलों के जानकार और ग्लोबल टाइम्स के एडिटर इन चीफ रह चुके हू शीचिन बताते हैं कि यह सारा किस्सा रॉकेट टेक्नोलॉजी के स्थानांतरण पर टिका हुआ है। उत्तर कोरिया को बैलेस्टिक मिसाइल प्राविधिक को समुन्नत करने के लिए सेटेलाइट टेक्नोलॉजी चाहिए, जो इस समय केवल रूस दे सकता है। दरअसल, विगत चार महीनों में उत्तर कोरिया ने सेना के वास्ते जो दो 'एरियल रिकॉनिसन्स राकेट टेस्ट' किये, वो फुस्स हो गये थे। इस विफल परीक्षण के आधार पर पेंटागन ने निष्कर्ष निकाल लिया था कि उत्तर कोरिया बैलेस्टिक मिसाइल तकनीक में अब भी 'मैच्योर' नहीं हो पाया है।

लेकिन, इन चार महीनों में प्योंगयांग और मास्को के बीच कूटनीतिक गठजोड़ की जो कोशिशें चल रही थीं, उससे अमेरिकी खुफिया तंत्र अनजान था। पुतिन ने ऐसा ट्रंप कार्ड खेला है, जो व्हाइट हाउस के लिए अप्रत्याशित था। मुलाकात की जगह भी बड़ा सिंबॉलिक है। रूसी सेटेलाइट लांचिंग सेंटर वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पर उत्तर कोरिया के शासन प्रमुख से मिलने का मतलब यह है कि जो कुछ तकनीक किम को चाहिए, पुतिन उपलब्ध करायेंगे। इससे घबराहट दक्षिण कोरिया से लेकर हिंद-प्रशांत के उन तमाम देशों में भी है, जिन्हें हम अमेरिकी क्लब का सदस्य मानते हैं।

एक प्रसिद्ध कहावत है कि 'नंग बड़ा या परमेश्वर?' अब अमेरिका चाहे इस पृथ्वी का परमेश्वर होने की गलतफहमी पाल ले, मगर किसी के मुंह लगने से कटता रहा है, तो वह देश है उत्तर कोरिया। बिल्कुल नंग-धड़ंग। उपग्रह प्रक्षेपित करने वाली 'सेटेलाइट लांच टेक्नोलॉजी' में जो देश आगे रहे हैं, उनके लिए बैलेस्टिक मिसाइल का निर्माण बाधा रहित माना जाता है। आइसीबीएम (इंटरकांटिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल) के निर्माण में जिस लांग रेंज प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता है, उत्तर कोरियाई अंतरिक्ष विज्ञानी वही रूस से हासिल करना चाहते हैं।

10 हजार 300 किलोमीटर पर जो दूरी उत्तर कोरिया और अमेरिका की रही है, वह लंबे समय से चली नूराकुश्ती के लिए अब तक आसान थी। मगर, जिस दिन उत्तर कोरिया ने 11 हजार किलोमीटर तक भेदने वाली रूसी 'तोपोल-एम मिसाइल' तकनीक हासिल कर ली, अमेरिका की नींद उड़ा देने के लिए काफी होगी। पुतिन का यही प्रयास है कि व्हाइट हाउस की नींद हर लो। तोपोल-एम मिसाइल तकनीक यदि प्योंगयांग ने हासिल कर ली, तो समझिए कि अमेरिकी क्लब के तमाम देश उत्तर कोरिया की जद में होंगे। यह एक खतरनाक स्थिति को दावत देने जैसा है, जिसके जिम्मेदार कोई और नहीं, स्वयं पुतिन होंगे।

पुतिन से किम जोंग उन की मुलाकात तय थी, लेकिन उसकी टाइमिंग जानबूझकर जी-20 की शिखर बैठक के बाद रखी गई। वाशिंगटन में रूसी राजदूत अनातोली अंतोनोव ने अमेरिकी घुड़की पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रतिबंध लगाते रहो, रूसी फोबिया जितनी बढ़ानी है बढ़ाओ, हमें फर्क नहीं पड़ेगा। एंबेसडर अनातोली ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'दरअसल, अमेरिका प्रतिबंध नामक अपने इस पुराने ट्रिक से खुद ही हांफने लगा है।' ठीक से देखा जाए, तो यूक्रेन युद्ध, रोमन-पर्शियन वार की तरह 681 साल नहीं खिंचने वाला, यह आने वाले कुछ वर्षों में ही निर्णायक रूप ले लेगा। नवंबर, 2024 में अमेरिका में आम चुनाव हैं। जो बाइडन भी समझते हैं कि उन्होंने यूक्रेन जैसे मोर्चे को खोलकर जोखिम को दावत दे रखी है।

पुतिन का किम जोंग उन की धरती पर बतौर राजकीय मेहमान जाना भी युगांतरकारी होगा। यूक्रेन युद्ध में विनाश के कारण अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने जब से उन्हें वार क्रिमिनल घोषित किया है, पुतिन ने देश से बाहर पांव नहीं रखा है। चार वर्षों में प्रेसिडेंट पुतिन की उत्तर कोरियाई सुप्रीम लीडर किम जोंग उन से दूसरी मुलाक़ात है। संयुक्त राष्ट्र ने पहले से प्रस्ताव दे रखा है कि डीपीआरके किसी भी सूरत में बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण नहीं करेगा। सुरक्षा परिषद में चीन के बाद रूस का साथ मिलने का मतलब है कि वीटो से दो देश उसकी रक्षा करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति सुरक्षा परिषद के ज़रिये प्रतिबंध लगवाते हैं, निंदा प्रस्ताव पास होता है, मगर किम जोंग उन पर उसका कोई असर नहीं दिखता है। किम जोंग उन के दादा किम इल सुंग ने अपने पूरे समय 15 मिसाइलों का परीक्षण किया था। पिता किम योंग इल ने कुल जमा 15 प्रक्षेपास्त्र दागे थे, मगर किम जोंग उन अपने बाप-दादा का रिकार्ड ध्वस्त कर सितंबर, 2023 तक 164 मिसाइलों का परीक्षण करवा चुका है। उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन, पागल पीढ़ी का लेटेस्ट संस्करण है। दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ खुफिया अधिकारी सियोंग ओक यो इसे केवल प्रोपेगंडा टूल मानते हैं। सोल स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ नार्थ कोरियन स्टडीज के प्रोफेसर जोंग दाए शिन ने इसे 'डॉग इयर्ड स्ट्रेटेजी' कहा है। यानी, कुछ ऐसा कर गुज़रो कि कुत्ते के कान खड़े हो जाएं।

# सबके स्वभाव में शुमार हो जाए खुश रहने का सद्गुण

नंदितेश निलय

दुनिया का हर सजग परिवार, समाज अपने बच्चों, किशोरों, युवाओं को खुश रखने के प्रबंध में लगा रहता है। जैसे, स्वीडन में बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने और छपी हुई किताबों को अनिवार्य करने का अभियान चल पड़ा है। ब्रिटेन जैसे देश भी इस दिशा में काम कर रहे हैं। पूरा जोर पढ़ाई को बुनियादी रूप से इतना मजबूत बनाने पर है कि बच्चे बड़े होकर सशक्त और खुशदिल नागरिक बनें। हमें सोचना चाहिए कि भारत में क्या स्थिति है?

हमारा देश अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन चुका है। हमारे देश की जनसंख्या की औसत आयु करीब 28.2 वर्ष है, पर इस देश के बहुत से युवाओं को मानो किसी की नजर लग गई है। वे किसी भी परीक्षा की दौड़ में अपने आप को प्रतिशत से ज्यादा कुछ नहीं समझ रहे हैं। अगर जीवन फुटबॉल का मैदान है, तो वे सिर्फ गोल करना चाहते हैं, गोल खाना नहीं और जब वे असफल होते हैं, तो अवसाद में चले जाते हैं, जीवन से हार जाते हैं। प्रसिद्ध दार्शनिक और 44 की उम्र में ही साहित्य के लिए नोबेल जीतने वाले लेखक अल्बैर कामू कहते हैं, 'मैंने सीखा कि जब-जब आप गेंद के पास आने की उम्मीद करते हैं, वह आपके पास नहीं आती। तो क्या हुआ, खुद को ईश्वर जैसा महसूस किए बिना भी जीता जा सकता है और बिना खुद को कचरा जैसा महसूस किए हारा भी जा सकता है।' वह मानते हैं कि जीवन का अर्थ सिर्फ जीवन में है। क्या जीवन सिर्फ 95 से 100 प्रतिशत के बीच ही है और कहीं नहीं? क्या सारी दुनिया सफल है? क्या सारे लोग सौ प्रतिशत कुशल हो गए हैं? कोई उसैन बोल्ट की तरह हजारों घंटे एक दौड़ को जीतने के लिए खुशी से लगा सकता है, पर किसी दबाव में या किसी को हराने के मकसद से ऐसा कतई नहीं किया जा सकता। आज की आपाधापी में हम सभी को सोचना होगा कि कहीं हम स्वयं तनाव में तो नहीं हैं, कहीं हम किसी का तनाव बढ़ाने में भागीदार तो नहीं हैं। आज जिस



समाज में किसी की प्रशंसा करना या प्रेरित करना एक दुरूह कार्य बन चुका है, जहां संबंधों में प्रतिद्वंद्विता चरम पर आ चुकी हो, ऐसे समाज में भला बचाव या खुशी के क्या रास्ते हैं? समाज की इस कमी को दार्शनिकों ने सांस्कृतिक गिरावट का भी संकेत माना है। सबसे जरूरी है खुद को जानना और हर हाल में खुश रहना, इसी को दार्शनिकों ने जीवन का अंतिम लक्ष्य माना है। खुशी आंतरिक अवस्था है और हम समाज में खुशी को अहंकार, हीनता व परस्पर ईर्ष्या भाव से कभी नहीं बढ़ा सकते। पश्चिमी दुनिया में, विशेष रूप से ग्रीस में, दार्शनिक डेमोक्रिटस ने खुशी को एक मानसिक स्थिति के रूप में रखा। सुकरात और बाद में प्लेटो ने खुशी को बौद्धिक सद्गुणों में शुमार कर लिया, पर वह अरस्तू ही थे, जिन्होंने खुशी के विज्ञान की शुरुआत की थी। उनका मानना था कि तर्क की क्षमता मनुष्य को जानवर से अलग करती है। अरस्तू ने बताया कि खुशी एक पुण्य कार्य है और जीवन का उद्देश्य सद्गुणों के माध्यम से सुख प्राप्त करना है। खुशी के लिए उन्होंने 'यूडिमोनिया' शब्द रखा, जिसका अर्थ है- पुण्य व्यक्त करने वाली गतिविधि। अगर कोई संस्था या समाज इस गतिविधि को प्रेरित नहीं करता, तो वह भटक जाता है और व्यक्ति की पहचान प्रतिशत व पैसे से होने लगती है। अगर हम आज परिवारों को देखें, तो पाएंगे कि हमारी संस्थागत स्मृतियां धुंधली होती जा रही हैं। बच्चों को माता-पिता की बातें ज्ञान बांटना लगता है और वे भाव से दूर सिर्फ तर्क से हर चिंता का जवाब दे देते हैं। हर जगह गलतफहमी है। हर जगह रेस है। ऐसे में, खुश रहने या सफल होने के लिए आखिर करें क्या? सबस पहले जीवन के मूल्य को समझने की कोशिश करें। अगर जीतना है, तो सचिन तेंदुलकर के शब्दों में, पहले अच्छा इंसान बनिए। अच्छाई आपको किसी भी प्रकार की निराशा से बचाने में मदद करती है।

आज समस्याएं गंभीर हैं, लेकिन समाधान साधारण हैं। अल्बैर कामू कहते हैं कि इस जीवन को अगर समझना है, तो थोड़ा धूप में जाएं, खेल और संगीत में रुचि बढ़ाएं, कुछ नया सीखें। मार्था मेरिडोस की कविता भी हमें अगाह कर रही है - आप धीरे-धीरे मरने लगते हैं, अगर आप करते नहीं कोई यात्रा, पढ़ते नहीं कोई किताब, सुनते नहीं जीवन की ध्वनियां, करते नहीं किसी की तारीफ। आप धीरे-धीरे मरने लगते हैं...।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को मिल रही है कई नई सुविधाए

छगन लोन्हारे

छत्तीसगढ़ सरकार नगरीय क्षेत्रों में नई सुविधाएं शुरू की हैं। राज्य में उद्यमीता और रोजगार के साथ-साथ लोगों को समय और श्रम की बचत के लिए कई नये और अभिनव योजनाएं संचालित की जा रही है। शहरी क्षेत्रों में उद्यमिता, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 14 नगर निगमों और 44 नगर पालिका परिषदों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण किया जा रहा है। इन पार्कों के माध्यम से शहरी क्षेत्र के उद्यमियों, स्व सहायता समूहों एवं रोजगार उन्मुख युवक-युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की जरूरत ना पड़े इसके लिए 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना में मितान घर पहुंचकर शासकीय दस्तावेजों के लिए आवश्यक जानकारी लेते है। और दस्तावेज तैयार कर घर पहुंच सेवा प्रदान करते है। यह योजना राज्य के समस्त 14 नगर निगमों में की गई थी। अब इसका विस्तार समस्त नगर पालिका परिषदों एवं जिला मुख्यालय की 02 नगर पंचायतों में किया गया है। मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत 13 सेवाओं से की थी जिन्हें बढ़ाकर अब आधार, पैन, राशन कार्ड, राजस्व रिकार्ड, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन/सुधार, गुमास्ता लाईसेंस, श्रमिक कार्ड जैसी कुल 25 सेवाओं का लाभ मितान के जरिए आम नागरिकों को घर बैठे मिल रहा है। इस योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस योजनांतर्गत




1 लाख 20 हजार से अधिक लोगों को मितान के माध्यम से घर पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये गए हैं।

नागरिकों को मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये योजना के टोल-फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना होता है। इसके बाद अप्वाइंटमेंट बुक किया जाता है। तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हैं और टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मितान द्वारा प्रमाण पत्र आवेदक के घर पहुंचा दिया जाता है। मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना के लागू होने के बाद से नागरिकों को जरूरी प्रमाण पत्र और शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए नगर निगम, तहसील तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के आवश्यकता नहीं रह गई है। योजना के लागू होने से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों को काफी सहूलियत हो गई है।

शहरी क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को उनके चौखट पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना समस्त नगरीय निकायों में संचालित की जा रही हैइस योजना में आम नागरिकों को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मेडिकल कैंप के माध्यम से एमबीबीएस डॉक्टर की टीम द्वारा मुफ्त में परामर्श, उपचार, दवाइयां एवं दैनंदिन होने वाले टेस्ट की सुविधा प्रदान की जा रही हैयोजना अंतर्गत 120 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 70271 कैम्पों में 53 लाख से अधिक मरीजों को निःशुल्क जांच की गई है। लगभग 45लाख 93 हजार से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित की गई है तथा 14.32 लाख से अधिक मरीजों का लैब टेस्ट किया गया है। योजना के तृतीय चरण में अतिरिक्त 30 मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन प्रारंभ किया गया है।

शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, हमारी सरकार द्वारा आम नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने हेतु धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना प्रारंभ की गई हैयोजना अंतर्गत राज्य के नगरीय निकायों में 196 दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों में 329 जेनेरिक दवाएं, 28 सर्जिकल आइटम आदि के साथ साथ छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद भी उपलब्ध हैं। अद्यतन इन दुकानों से राशि रू.204.74 करोड़ एमआरपी मूल्य की दवाओं का राशि रू. 80.17 करोड़ में विक्रय कर 71.47लाख हितग्राहियों को राशि रू. 124.57 करोड़ की बचत का लाभ दिया गया है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### जिले में होंगे स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत विभिन्न आयोजन

**रायगढ़।** आयुष्मान भव: कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ 13 सितम्बर 2023 भारत के राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्रियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त राज्यों से राज्यपाल/उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा संबंधित विभागों के मंत्री वर्जुअली शामिल हुये। जिला स्तर पर उद्घाटन कार्यक्रम 13 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर आयोजित किया गया। प्रत्येक आयुष्मान भारत-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) और उप-स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) में जनप्रतिनिधियों एवं निक्षय मित्र शामिल हुये। विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हर गांव में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने आयुष्मान भव: अभियान की योजना बनाई है। यह तीन प्रमुख घटकों वाला एक व्यापक अभियान है। जिसके तहत आयुष्मान आपके द्वार रायगढ़ जिला अंतर्गत 860351 पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया है एवं शेष का वितरण इस योजना के तहत् किया जायेगा। 17 सितम्बर से आयुष्मान मेला का आयोजन प्रदेश में साप्ताहिक रूप में दो स्तर पर किया जाना है। प्रथम स्तर-आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में सप्ताहवार, विभिन्न थीम जैसे एन.सी.डी./टी.बी./ लेप्रोसी/मातृत्व एवं षिषु स्वास्थ्य इत्यादि पर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ रूप से उपलब्ध कराना। द्वितीय स्तर-मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध विशेषज्ञ के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साप्ताहिक रूप से स्क्रीनिंग जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराना है।

### समाज में बुराई को दूर कर समाज को एक नई ऊंचाई तक ले कर जाए - ताम्रध्वज साहू

**दुर्ग।** तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण परिक्षेत्रीय संघ खोपली एवं ग्रामीण साहू समाज मंचादुर के सयुंक्त तत्त्वाधान में समाज रत्न दाऊ उत्तम साव का 44 वां संस्मरण दिवस का आयोजन मंचादुर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण, कृषि, गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, अति विशिष्ठ अतिथि रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन, डॉ.दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, अश्वनी साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी दुर्ग,जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री म.प्रदेश शासन, पूर्व अध्यक्ष साहू संघ मप्र., डिकेन्द्र हिरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत उतई जगदीश दीपक , सदस्य कृषक कल्याण बोर्ड छ.ग. शासन खिलावन सिंह साहू, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. कृष्णा साहू , उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, देवश्री साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, मुकेश साहू , संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग लेखन साहू , सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग दिलीप साहू सरपंच ग्राम पंचायत मंचान्दुर उपस्तिथ थे। इस अवसर पर मंत्री श्री साहू ने दाऊ उत्तम साव को प्राणम करते हुऐ कहा की समाज मे बुराई को दूर करे समाज को एक नई ऊंचाई तक ले कर जाएं जिस तरह से पूर्व में अध्यक्ष रहे है उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम हुआ है जिनके फलस्वरूप समाज में बहुंत सारी उपलब्धि मिली है। साथ ही न्याय प्रकोष्ट में भी कई समस्याएं हल हुई है और आगे भी होता रहेगा।

# शास्त्री अस्पताल की बदलेगी सूरत, भवन को मिलेगा नया स्वरूप, एमआईसी की बैठक में निर्णय

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शहर के हृदय स्थल में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल का आधुनिकीकरण कर भवन को नया स्वरूप दिया जाएगा। सुविधाओं के विस्तार के साथ ही यहां की पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही अस्पताल परिसर में गार्डन भी डेवलप किया जाएगा। भिलाई निगम की एमआईसी ने बैठक में इस संबंध में निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किया। इसके अलावा एमआईसी की बैठक में 20 अन्य प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।



महापौर परिषद् की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में आहुत किया गया। परिषद् के समक्ष 21 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये जिसमें सुपेला में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल भवन का प्रथम चरण में नगर निगम भिलाई तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में पार्किंग को व्यवस्थित कर उद्यान का निर्माण अस्पताल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण, वर्तमान वार्ड का विस्तारीकरण, फाल सिंलिग कार्य के साथ वार्ड में लगे बेड को बदल कर नया किया जाएगा। अस्पताल के नये स्वरूप में लिफ्ट की व्यवस्था भी की जाएगी। ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई असुविधा न हो। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के सड़कों में घूमन्तू मवेशी की धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है और मवेशियों को गौठान में रखा जाता है जिसे छुड़ाने के लिए निर्धारित अर्थदण्ड में वृद्धि करते हुए प्रथम बार 2 हजार, द्वितीय 3000 तथा तृतीय और अंतिम बार 5000 रूपए लिए जाने और उसके बाद एफआईआर दर्ज कराने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से उत्सर्जित कार्बन की गणना कर निगम को आर्थिक लाभ के लिए कार्बन क्रेडिट कार्य को स्वीकृति प्रदान दी गई है।

निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अवकाश नगदी करण एवं एरियर्स के लंबित राशि का भुगतान निगम कोष के संचित निधि की राशि में किये जाने, भिलाई में कार्यपलान अभियंता के अतिरिक्त पद की स्वीकृति, समयपाल अथवा कार्य सहायक ग्रेड 2 में कार्यरत् कर्मचारियों को उपअभियंता के पद पर पदोन्नति किये जाने हेतु भर्ती नियम में संशोधन तथा योग्यता में छूट प्रदान करने व भिलाई निगम में उपअभियंता के पद पर संविलियन हेतु छग शासन को पत्र प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया।

बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव निगम की सम्मपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, स्वीपिंग मशीन क्रय, डबरापारा चौक में निर्माणाधीन वेंडिग जोन में व्यवस्थापन, वार्ड 4 नेहरू नगर में समता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड 37 (पुराना वार्ड) शिवालय में डोम शेड निर्माण, जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में 3 नग महिला पिंक टॉयलेट का निर्माण, छावनी उच्चस्तरीय पानी टंकी से 1.5 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट तक मुख्य पाईप लाईन बिछाने का कार्य, छत पर लगे विज्ञापन बोर्ड का प्रकाशन शुल्क में वृद्धि सहित सामाजिक भवन भूमि आबंटन हेतु अनापत्ति पत्र दिये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, निगम के विभागीय सचिव, जोन आयुक्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीताफल के मूल्य संवर्धन हेतु दानीकुण्डी में प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मरवाही वनमण्डल के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्रों में नैसर्गिक रूप से सीताफल की उपज भारी मात्रा में प्रतिवर्ष प्राप्त होती है। एक सर्वेक्षण के अनुसार उक्त वन मण्डल में लगभग 1500 टन सीताफल का उत्पादन होता है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विगत दो वर्षों से वन विभाग द्वारा प्रभावी पहल की गई है। इसके तहत सीताफल को संग्राहकों से विभाग एवं वन प्रबंधन समितियों द्वारा अधिकतम



दर 12 से 15 रूपए प्रति कि.ग्रा. की दर से क्रय किया जा रहा है। साथ ही सीताफल के मूल्य संवर्धन हेतु यहां सीताफल के प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना की गई है। जहां पर पके हुए सीताफल के पल्प को निकालकर उसे हार्डनर मशीन द्वारा माईनस 52 डिग्री सेल्सियस तक लेजाकर हार्ड करने के पश्चात् डीप फ्रीजर एवं शीत गृह में माईनस 25 डिग्री सेल्सियस में स्टोर किया जाता है। जिसे क्रेताओं की मांग पर आपूर्ति एवं सीताफल आईसक्रीम बनाने में की जाती है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इस योजना में जहां संग्राहको को सीताफल का उचित मूल्य मिल रहा है, वहीं सीताफल से पल्प निकालने में 2 माह तक 50 महिलाओं तथा नवयुवकों को सतत् रोजगार प्राप्त हो रहा है। इसी तरह वन मंडलाधिकारी मरवाही श्री शशि कुमार ने बताया कि पहले इसे ग्रामीणों द्वारा तोड़कर बिचौलियों को सस्ते कीमत पर लगभग 5 से 7 रूपए प्रति किलोग्राम में बेच दिया जाता था। जिसे बिचौलिये ग्रेडिंग करके निकटस्थ शहरी बाजारों में अच्छा लाभ लेकर बेच देते थे। खुदरे व्यापारी इसको 60 से 80 रूपए प्रति कि.ग्रा. तक विकय करते थे। इस प्रकार मरवाही क्षेत्र के गांवों से 6-7 रूपए प्रति कि.ग्रा. निकलने वाला सीताफल लगभग दस गुनी दर पर उपभोक्ता तक पहुंचती है।

## बेतहाशा महंगाई बढ़ाने वाले भाजपा नेता गरीबों के हितैषी बनने का ढोंग न करें - राजेंद्र साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने रायगढ़ में हुई सभा में पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मोदी ने 2022 तक सभी आवासहीनों को पीएम आवास, बुलेट ट्रेन चलाने, किसानों की आय दोगुना करने और महंगाई कम करने के वादे किये थे। देश की जनता से किये गए वादों को पूरा करने में पीएम मोदी पूरी तरह फेल हो गए। बेतहाशा महंगाई बढ़ाकर गरीबों की कमर तोड़ने वाले मोदी को गरीबों के हितों की बात करना शोभा नहीं देता।

राजेंद्र ने कहा कि 2014 में पीएम बनने से पहले देश की जनता से किये गए वादों पर मोदी क्यों नहीं बोलते ? हालत ये है कि बुलेट ट्रेन का वादा करने वाले मोदी पैसेंजर ट्रेन तक नहीं चला पा रहे हैं। हजारों ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। हर दिन लाखों रेलयात्री परेशान हो रहे हैं। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के रेट बढ़ाकर हर व्यक्ति पर महंगाई थोप दी। देश के अधिकांश राज्यों में किसानों की आय बढ़ने की बजाय कम हुई है।

## सही वजन, सही ऊंचाई, उम्र अनुसार मनाए गए वजन त्यौहार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के वजन त्योहार संबंधी निर्देश के परिपालन में परियोजना अन्तर्गत 343 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन त्यौहार को सफल आयोजन हेतु जन प्रतिनिधियों एवं पालको को आमंत्रित कर बच्चों के ऊंचाई एवं उम्र अनुसार सही वजन की जानकारी रिपोर्ट कार्ड में भरकर दी जा रही है। पोषण संबंधी गतिविधियों के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक सूरजपुर परियोजना अंतर्गत 12000 से भी अधिक बच्चों का वजन किया जा चुका है तथा आगामी 25 सितम्बर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों वजन त्यौहार का आयोजन होना है।

कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिसोदिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी सेक्टर पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपनी महती भूमिका निभा रहे है।

छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले से मिला चेम्बर एवं कैट (सीजी चेप्टर) प्रतिनिधि मंडल

## आगामी चुनाव से संबंधित पुलिस जांच से व्यापारियों को हो रही कठिनाईः पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन आयुक्त रीना बाबासाहेब कंगाले से मिलकर आगामी चुनाव के मद्देनजर पुलिस जाँच से व्यापारियों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। जिस पर श्रीमती कंगाले ने सकारात्मक आश्वासन दिया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने



बताया कि आगामी चुनाव से संबंधित पुलिस जांच से व्यापारियों को आ रही कठिनाइयों को लेकर कल चेम्बर प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया कि शहर के विभिन्न चौक - चौराहों पर पुलिस जांच से शहर एवं प्रदेश के व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। थोक एवं फुटकर व्यापारी देर रात तक अपने व्यापार का संचालन करते है एवं राशि लेकर अपने घर जाते हैं तथा वापस सुबह अपने व्यापारीक संस्थानों एवं बैंकों को जाते हैं जहां उन्हें पुलिस जांच के दौरान ट्रैफिक में देर तक रुकना पड़ता है एवं उन्हें किसी अनहोनी होने का डर रहता है जिसके कारण व्यापारियों में भय का माहौल है एवं बाहर के व्यापारी भी प्रदेश में आने से कतरा रहे हैं। आगामी त्योहारी सीजन में पुरे प्रदेश के व्यापारी रायपुर शहर आकर खरीदारी करते हैं परन्तु अनुकूल वातावरण नहीं होने के कारण व्यापार में विपरीत असर हो रहा है। बैठक में श्रीमती कंगाले जी ने उक्त समस्याओं पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, कैट अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष राकेश ओचवानी एवं मंत्री नरेश पाटनी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## महिलाओं का सशक्त होना जरूरी : शम्मी आबिदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और राज्य की जनजातीय महिलाओं को फाउन्डेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ की जनजातीय महिलाओं को लघु वनोपज के भण्डारण, पैकेजिंग एवं विपणन के गुर सिखाए गए। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में 13 से 15 सितम्बर तक किया गया।

आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की संचालक श्रीमती शम्मी आबिदी ने प्रशिक्षण के दौरान जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण के संबंध में समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए




कहा कि महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। कार्यशाला में विभिन्न समूहों की गतिविधियों के द्वारा उत्पादन की मात्रा, गुणवत्ता बढ़ाने, उत्पादों की पैकेजिंग और बिक्री के बारे में बताया।

श्रीमती आबिदी ने महिलाओं से कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान एक दूसरे से सीखें और इन्हें समझने के बाद दूसरों को भी जागरूक करें। फाउन्डेशन फ ॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी की संचालक मंजीत कौर द्वारा आपूर्ति की श्रृंखला को विस्तार से समझाते हुए बताया कि कैसे संग्रहणकर्ता उत्पाद की कीमत को बढ़ा सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के श्री भरत राजपुरोहित ने वनोपज के भण्डारण, भण्डारण का समय, भण्डारण में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा निर्धारित मापदंड की जानकारी भी दी।

प्रशिक्षण में विपणन के लिए आवश्यक तत्वों के बारे में बताया गया। लघु वनोपज सहकारी समिति, स्व-सहायता समूह के माध्यम से गांव में वनोपज की खरीदी करवाना, खरीदी हेतु समूह का चयन हेतु मापदंड आदि के बारे में जानकारी दी गई। सामूहिक गतिविधि के माध्यम से उत्पादों की सही पैकेजिंग, बाजार में उसकी बिक्री करने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण में बताया गया कि बिक्री के लिए बात करने का तरीका भी बहुत ही अहम् होता है। प्रशिक्षण सह कार्यशाला के द्वितीय दिवस का प्रारम्भ कार्यशाला में उपस्थित समूह की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### संस्कृत बने जन-जन की भाषाः उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल चित्रलेखा साहू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामडलम् द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 11 से 15 सितम्बर तक आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्कृत जन-जन की भाषा बने। संस्कृत की सूक्तियां हृदयग्राही होती हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाना है। संस्कृत में संभाषण होना चाहिए, इसके लिए संस्कृत सीखना चाहिए।

प्रशिक्षण में शिक्षकों को व्याकरण, साहित्य, वेद, ज्योतिष, दर्शन, अर्थशास्त्र सहित पोरोहित्यम, प्रवचन, ज्योतिषशास्त्र, योगदर्शन एवं आयुर्वेद का प्रशिक्षण विषय-विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में लगभग 80 शिक्षकों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण संस्कृत विद्यामंडलम् के सदस्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव, डॉ. रामकिशोर मिश्र, डॉ. संतोष तिवारी, डॉ. सत्येन्द्र शर्मा, डॉ. कुंजदेव मनीष, ललित शर्मा एवं बीपी तिवारी द्वारा दिया गया। समापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामडलम् के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार शर्मा, सदस्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव, सचिव डॉ. अल्का दानी, सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद साहू, डॉ. गरिमा ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

### भाजपा ने छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान कियाः कांग्रेस

**रायपुर (ए)।** कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जशपुर से भाजपा की तथाकथित परिवर्तन यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा के लिये बनाये गये परिवर्तन रथ में छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र सीढ़ी के नीचे लगाया था जिस पर लोग चढ़कर रथ के ऊपर जायेंगे, छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र को रौंदते हुये लोग भाजपा के परिवर्तन रथ पर चढ़ेंगे। यह भाजपा का छत्तीसगढ़ विरोधी मानसिकता है। सुशील शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा छत्तीसगढ़ महतारी के वैभव को देश दुनिया में प्रचारित करने के बाद अपना राजनैतिक वजूद बचाने के लिये भाजपा ने अपने मंच और कार्यक्रमों में दिखावे के लिये छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र लगाना भले शुरू कर दिया लेकिन भाजपा के दिल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी के लिये सम्मान का भाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि 15 सालों तक छत्तीसगढ़ की अस्मिता तीज-त्योहार, खान-पान यहां तक की माता कौशल्या और भगवान राम को भूला देने वाली भाजपा कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ की परंपराओं को मानने का दिखावा तो कर रही लेकिन छत्तीसगढ़ की संस्कृति के प्रति उसका दुराव अभी खत्म नहीं है।

# नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए विद्यार्थियों में- विश्वभूषण हरिचंदन

## आईटीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल, 3 मानद उपाधि, 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शिक्षा एक आजीवन यात्रा है और सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी अपने कौशल को लगातार बढ़ाने, अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने के अवसरों की तलाश करें। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आईटीएम विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित की गई। केन्द्रीय भंडार के सीईओ और एमडी मुकेश कुमार, आईटीएम के प्रोफेसर आरएसएस मनी



और कर्नाटक संगीत विशेषज्ञ जी. शारदा सुब्रमण्यम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव है, बल्कि प्रत्येक के अंदर मौजूद अपार संभावनाओं का भी परिचायक है। शिक्षा सदैव सामाजिक प्रगति के लिए प्रेरक शक्ति रही है। इसमे बाधाओं को तोड़ने, मानदंडों को चुनौती देने और अवसर पैदा करने की शक्ति है। विश्वविद्यालय की शिक्षा यात्रा आपके भविष्य को आकार देगा, आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए होगा।

श्री हरिचंदन ने कहा कि हम एक तेज और गतिशील दुनिया में रह रहे हैं, जहां तकनीकी प्रगति और वैश्वीकरण, उद्योगों और व्यवसायों को नया आकार दे रहा है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में प्रासंगिक बने रहने और आगे बढ़ने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों के उत्थान के लिए भी करें। जिम्मेदार नागरिक बनें और हमारे महान राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दें।

राज्यपाल हरिचंदन ने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश के गर्व को न भूलें। हमारा देश आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। बहादुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीरों जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान दिया है ,उनके सम्मान में मोदी की पहल पर मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। हाल ही में भारत में जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई।

समारोह में दीक्षांत भाषण भाभा परमाणु रिसर्च इंस्टीट्यूट अंतर्गत स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज इन न्यूक्लियर एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन (मानद) एवं पद्मविभूषण से सम्मानित डॉ. आर. चिदम्बरम ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ. पीवी रमन्ना ने किया। कुलपति डॉ. सुमेन सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमेन ड़ॉ उमेश कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय की डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति, विश्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर, फैकल्टी मेंबर, विद्यार्थी एवं उनके पालकगण उपस्थित थे।

# बांस शिल्पकारों को मिला उन्नत टूल्स किट वितरित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड केयूर भूषण स्मृति परिसर गांधी भवन रायपुर में 49 बांस शिल्पकारों को उन्नत टूल्स किट वितरण किया। इस अवसर पर उपाध्याय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बांस शिल्प टूल्स वितरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को कृषि के साथ-साथ परंपरागत व्यवसायों की ओर रोजगार हेतु प्रेरित करना है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन अंतर्गत परंपरागत बेम्बू कार्य में लगे परिवारों को स्थानीय पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न करना है। इसी उद्देश्य को लेकर पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन का संचालन छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम की सरहाना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में परंपरागत कारीगरों के हित में बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर आनंद उबाले, योगेश तिवारी, राजेश पांडे, हरिशंकर बांसवर, इन्द्रराज कंडरा, चंपा बाई, दूज बाई, अनुसुईया कंडरा, भीम कंडरा, सावित्री चूडामणी नायक स्थानीय जनप्रतिनिधि और छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी सहित बांस शिल्पकार उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

### ओजोन परत को लेकर छात्र-छात्राओं में बढ़ी जागरूकता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम गृह में इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालयीन एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत के महत्व के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता की थीम ''अपशिष्ट के उपयोग के समाधान'' पर आधारित थी। इसके साथ ही ओजोन परत में सुधार एवं जलवायु परिवर्तन में कमी विषय पर



आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं में उत्सुकता दिखी और इससे जुड़े विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर अपनी रचनात्मकता को उन्होंने प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के विजेता के प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मुख्य अभियंता, आरपी तिवारी एवं कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये।

छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कलिंगा विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ आर. श्रीधर ने कहा कि हमें अपनी जीवन शैली में परिवर्तन कर यह सुनिश्चित करना होगा कि ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थ धीरे-धीरे समाप्त हो जाये। ओजोन परत के संरक्षण से पर्यावरण को बहुत नुकसान होगा और इसका प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव मानव समाज पर पड़ेगा। भावी पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए सदैव प्रयासरत् हो और इस दिशा में अपनी भूमिका निभाए।

इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 10वीं एवं 12वीं वर्ग में स्वर्णिम एवं टीम, राजकुमार कॉलेज, रायपुर एवं कु. कशिश तांडी एवं टीम, रानी दुर्गावती हायर सेकण्डरी स्कूल, रायपुर तथा स्नातक वर्ग में मोक्षराज साहू, बद्री प्रसाद लोधी पी.जी. महाविद्यालय, आरंग व स्नातकोत्तर वर्ग में कु. पूनम सिंह, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन विश्वविद्यालय ने प्राप्त किया।

# रायपुर जिले में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत हितग्राहियों को जल्द पट्टे दिए जाएंगेः राजस्व मंत्री अग्रवाल

### राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने की पट्टे वितरण की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रायपुर जिले में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप और निर्देशानुसार राजीव गांधी आश्रय योजना के नियम-उपनियम बनाए जा चुके है और इसका राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है। इस योजना के तहत रायपुर जिले में हितग्राहियों को जल्द पट्टे वितरण किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम, सीएसईबी, सिंचाई विभाग और सीआईडीसी तथा अन्य विभाग





उनके अंतर्गत की भूमि पर जल्द एनओसी प्रदान करें, जिससे जिला प्रशासन द्वारा प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर सकें। इस बैठक में वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढ़ेबर और रायपुर विकास प्राधिकरण सुभाष धुप्पड़ उपस्थित थे।

बैठक में वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य विधायक तथ जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के प्रति इस योजना के लिए आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने निर्धन तथा जरूरतमंदो की समस्याओं को समक्षा और संवेदनशीलता से उन्हें पट्टे प्रदान करने का निर्णय लिया। जल्द ही इस योजना के हितग्राहियों को पट्टे दिए जाएंगे। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, गजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों के लिए पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 की अधिसूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 से लगातार काबिज आवासहीन व्यक्तियों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा दिया जाएगा। राज्य सरकार के नगर निगम क्षेत्र में आवासहीन व्यक्ति 600 वर्ग फीट तथा नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में 800 वर्ग फीट से अनधिक शासकीय भूमि के पट्टे के लिए पात्र होंगे, लेकिन जल संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# राज्य सरकार की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बड़ी सौगात

**रायपुर।** महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि के बाद एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदपूर्ति को 25 प्रतिशत को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही भर्ती के लिए आवश्यक 10 वर्ष के अनुभव को कम करके 05 वर्ष कर दिया गया है। इस संबंध में मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 सितंबर को आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने इस वर्ष प्रस्तुत 2023-24 के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांगों को पूरा करते हुए उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा की थी। जारी आदेश के अनुपालन में 01 अप्रैल 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रूपए दी जा रही है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त भुगतान का प्रावधान किया गया है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# घर पर बॉडी वॉश बनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

आजकल कुछ लोग नहाने के लिए साबुन की जगह बॉडी वॉश का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि यह त्वचा की देखभाल ठीक से करता है। दरअसल, यह साबुन की तरह सख्त नहीं होता बल्कि त्वचा की नमी को बनाए रखता है।बाजार में कई तरह के बॉडी वॉश मौजूद है, लेकिन आप कम पैसों में इसे घर पर भी बना सकते हैं।चलिए फिर आज घर पर 5 तरह के बॉडी वॉश बनाने के तरीके जानते हैं।



## नारियल के दूध के बनाएं बॉडी वॉश

सबसे पहले आधा कप नारियल के दूध को एक बोतल में डालें, फिर इसमें दो तिहाई बिना खुशबू वाला तरल कैस्टाइल साबुन मिलाएं। अब इस मिश्रण में 3 चम्मच जोजोबा तेल, 2 चम्मच ग्लिसरीन और 1 चम्मच शहद मिलाकर बोतल को बंद करके सभी सामग्री को अच्छे से मिलाएं। आप चाहें तो इसमें 5 बूंदे टी ट्री या लैवेंडर एसेंशियल ऑयल भी डाल सकते हैं। इसके बाद नहाते समय इस मिश्रण को स्पंज में डालकर इस्तेमाल करें।

## एसेंशियल ऑयल के साथ इस तरह बनाएं बॉडी वॉश

सबसे पहले एक बोतल में डेढ़ कप तरल कैस्टाइल साबुन डालें, फिर इसमें 4 चम्मच ग्लिसरीन मिलाएं। इसके बाद इसमें करीब 10 बूंदें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल और 10 बूंदे लौंग एसेंशियल ऑयल की डालकर इस मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। इसके अलावा आप एसेंशियल ऑयल से बॉडी वॉश बनाने के लिए अपने अलग पसंदीदा एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इस बॉडी वॉश की शेल्फ लाइफ 1 साल है।

## शहद से बनाएं बॉडी वॉश

`सबसे पहले आधा कप तरल कैस्टाइल साबुन को एक बोतल में डालें। इसके बाद इसमें आधा कप शहद, 2 बड़ी चम्मच अरंडी का तेल और 2 बड़ी चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। आखिर में इस मिश्रण में करीब 10 बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिलाएं। इस बॉडी वॉश को इस्तेमाल करने से पहले एक बार अच्छे से जरूर मिलाएं। यह खुजली वाली त्वचा को ठीक करता है और आपकी त्वचा को जवां बनाए रखने में भी मदद करता है।

## जैतून के तेल से बनाएं बॉडी वॉश

इस बॉडी वॉश को बनाने के लिए सबसे पहले एक बोतल में एक तिहाई कप कैस्टाइल साबुन, एक तिहाई कप शहद और एक तिहाई कप ही जैतून का तेल मिलाएं। इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल की करीब 30-60 बूंदें मिलाएं। इसके लिए आप संतरे, वेनिला और लैवेंडर जैसे एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस बॉडी वॉश की शेल्फ लाइफ 1 साल तक रहेगी।यह त्वचा की नमी बनाए रखने में मदद करेगा।

## शिया बटर बॉडी वॉश

सबसे पहले आधा कप शिया बटर को पिघला लें, फिर इसमें आधा कप बादाम का तेल, 1 कप कैस्टाइल साबुन और गुलाब एसेंशियल ऑयल की 10 बूंदें मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक बोतल में डालकर मिलाएं और इस्तेमाल करें। इसकी शेल्फ लाइफ 6 महीने से 1 साल तक है। बता दें कि शिया बटर त्वचा की एलर्जी, सनबर्न और चकत्ते से राहत देता है, इसलिए आपको इससे बने बॉडी वॉश को जरूर आजमाना चाहिए।

# आंखों से जुड़ी ये समस्याएं बना सकती हैं अंधा, जानें कब हो जाना चाहिए सावधान

आंखों को लेकर किसी तरह की लापरवाही जिंदगी भर का पछतावा दे सकती है। खराब खानपान और लाइफस्टाइल की वजह से आंखों की समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। डॉक्टर भी आंखों के प्रति गंभीरता दिखाने की सलाह देते हैं। उनका कहना है कि आंखों की किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं करना चाहिए। जैसे ही समस्या हो तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। इससे समय रहते समस्या को कम या दूर किया जा सकता है। क्योंकि आंखें इतनी सेंसेटिव होती हैं कि इनसे जुड़ी किसी भी समस्या को इग्नोर करना अंधेपन का कारण बन सकती है।



## आंखों की समस्याओं को न करें इग्नोर

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आंखों की समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। इसलिए बचपन से ही आंखों पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों में ग्लूकोमा की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जो समय के साथ अंधेपन का खतरा बढ़ा सकती है। इतना ही नहीं उम्र बढ़ने के साथ होने वाली मोतियाबिंद की समस्या भी आंखों की रोशनी छीन सकती है। इसलिए आंखों से जुडे कुछ लक्षण दिखने पर सावधान हो जाना चाहिए।

## आंखों से धुंधला दिखना

अगर आंखों से धुंधला दिख रहा है तो ये कई तरह की समस्याओं और बीमारियों की तरफ इशारा हो सकता है। कुछ मामलों में यह मोतियाबिंद या लेंस से जुड़ी समस्या की वजह से भी हो सकती है। इसलिए तुरंत इलाज करवाना चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ज्यादातर मोतियाबिंद उम्र बढ़ने के साथ आंखों में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों के कारण होते हैं, इसलिए अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो ये अंधेपन का कारण बन सकते हैं।

## आंखों की नसों में प्रॉब्लम

आंखों की नसों की समस्या भी अंधेपन का कारण बन सकती है। यह देखने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। ग्लूकोमा ऐसी ही बीमारी है। यह आंखों में कई तरह की बीमारियों की तरफ संकेत देती है। ग्लूकोमा का कोई तय इलाज पैटर्न नहीं है। हालांकि, समय रहते इससे जुड़े इलाज से समस्या को खत्म किया जा सकता है।

## आंखों में दर्द की समस्या

आंखों की कई बीमारियां दर्द बढ़ा सकती है। आंखों में चोट की वजह से दर्द हो सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आंखों में दर्द होने का मतलब है कि आंखें ज्यादा दबाव में हैं। यह ग्लूकोमा का भी लक्षण हो सकता है। अगर यह समस्या लंबे समय तक बनी है तो आंखों से जुड़े डॉक्टर के पास जाकर जांच करवाना चाहिए। वरना इससे आंखों की रोशनी तक जा सकती है।



मौनी रॉय पहली बार वेब सीरीज में दिखेंगी

# 13 अक्टूबर को सुल्तान ऑफ दिल्ली डिज्नी+हॉटस्टार पर होगी रिलीज

लोगों में वेब सीरीज को लेकर बहुत क्रेज है। कोई भी सीरीज आती है वह उसे पहले देखना चाहते हैं फिर सीरीज एक्शन और सस्पेंस से भरी हो तो कोई पीछे नहीं हटता है। ऐसी ही एक वेब सीरीज मिलन लूथरिया लेकर आ रहे हैं। सुल्तान ऑफ दिल्ली का टीजर आ रिलीज हो गया है। इस सीरीज में ताहिर राज भसीन और मौनी रॉय लीड रोल में नजर आने वाले हैं। टीजर रिलीज हो गया है और ये लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

सुल्तान ऑफ दिल्ली की बात करें तो 60 के दशक पर आधारित है। ये सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली: अर्नब रे द्वारा आरोहण पर आधारित है। इसमें ताहिर अहम किरदार अर्जुन भाटिया का किरदार निभाएंगे जो सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक चला जाएगा। सत्ता की भूख उससे बहुत कुछ करवा लेगी।

टीजर में मौनी रॉय एक एक्ट्रेस के किरदार में नजर आ रही हैं। सीरीज में उनका ग्लैमरस अवतार फैंस को देखने को मिलेगा। मौनी ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किया है। उन्होंने लिखा- किस्मत के खेल में बाजी मारेगा सिर्फ एक।

मिलन लूथरिया इस सीरीज से ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्होंने सीरीज को लेकर कहा- सुल्तान ऑफ दिल्ली मेरी पहली वेब सीरीज है। सेक्सी 60 के दशक में स्थापित। इसमें ग्लैमर, एक्शन, म्यूजिक, दमदार वन लाइनर्स और बेहतरीन मनोरंजन शामिल है। मैं हमेशा अपनी कहानियों के माध्यम से दर्शकों को एक मनोरंजक अनुभव देने का प्रयास करता हूं। सुल्तान ऑफ दिल्ली एक ऐसी ही खूबसूरत यात्रा है। मैं डिज्नी + हॉटस्टार के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं।

सुल्तान ऑफ दिल्ली में ताहिर राज भसीन और मौनी रॉय के साथ अंजुम शर्मा, अनुभवी अभिनेता विनय पाठक और निशांत दहिया मौजूद हैं। इनके साथ-साथ अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरजादा अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। इस सीरीज के सारे एपिसोड 13 अक्टूबर को स्ट्रीम होंगे।

# नेहा पेंडसे ने सनी देओल के साथ की गई शूटिंग के दिनों को किया याद



**एक्ट्रेस नेहा पेंडसे, जो टीवी और फिल्म दोनों में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, ने एक बाल कलाकार के रूप में अपनी यात्रा को याद किया और एक्टर सनी देओल से मिली प्रशंसा पर खुशी जाहिर की।**

नेहा मे आई कम इन मैडम के नए एपिसोड में मैडम संजना के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शुरुआत की।

एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा: मैंने डीडी चैनल पर एक टीवी सीरियल के साथ बाल कलाकार के रूप में एक्टिंग करियर शुरू किया, और प्यार कोई खेल नहीं में एक्टर सनी देओल के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की।

नेहा ने कहा, मेरे माता-पिता हमेशा आर्ट और एंटरटेनमेंट के प्रति गहरी समझ रखते हैं और यहीं से यह सब शुरू हुआ। उस युग के दौरान, बाल कलाकार अपेक्षाकृत सीमित थे, क्योंकि कई लोग एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में बच्चों को शामिल करना वर्जित मानते थे। उन्होंने कहा, मेरा डेस्टिनी पर भरोसा है। मुझे बाल कलाकार के रूप में कई शानदार प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। आगे बोलते हुए, नेहा ने विभिन्न कलाकारों के साथ काम करने के दौरान मिले समृद्ध अनुभवों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सनी देओल द्वारा मिली प्रशंसा को साझा किया।

नेहा ने कहा, मैंने जिन प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया है उनमें से सनी देओल मेरे पसंदीदा में से एक हैं। वह उल्लेखनीय रूप से मृदुभाषी और सम्मानित व्यक्ति हैं। अपनी प्रभावशाली उपस्थिति के बावजूद, वह विनम्र और ज़मीन से जुड़े रहे, खासकर उन लोगों के प्रति जिनके साथ उन्होंने काम किया था। उन्होंने आगे कहा, अपनी कला के प्रति उनका समर्पण वास्तव में सराहनीय है और मैं उनकी इस बात को गहराई से संजोकर रखती हूं। मे आई कम इन मैडम 26 सितंबर से स्टार भारत पर प्रसारित होगा।



# थाई स्लिट आउटफिट पहन मलाइका ने दिखाई सेंशुअस अदाएं

बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही लोगों के बीच छा जाता है। अब हालिया फोटोशूट के दौरान की एक्ट्रेस ने कुछ लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल मचल गया है। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में मलाइका का अंदाज देख हर कोई उनकी तारीफ करते नजर आ रहा है। एक्ट्रेस मलाइका ने अपनी इन फोटोज में ब्लू कलर की सिर से पैर तक खुली हुई हुई ड्रेस पहनी हुई है। दरअसल, एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इवेंट के दौरान की हैं। वो अपने इस आउटफिट को पहन कर सोशल मीडिया का पारा बढ़ाने में लगी रहती हैं। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हर बार अपने ड्रेसिंग सेंस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और न्यूड मेकअप के साथ मलाइका अरोड़ा ने अपने लुक को पूरा किया है। 49 साल की उम्र में भी मलाइका अरोड़ा की फिटनेस बेहद कमाल की हैं। वो अक्सर कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती रहती हैं। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कैबिनेट के स्वच्छता मंत्री, उपमंत्री विजेताओं को किया सम्मान

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम द्वारा प्रदत निर्देशो के परिपालन, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा शशिकांत सिंह द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन अनुरूप स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन कर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वच्छता अपनाने हेतु शपथ ग्रहण, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, सार्वजनिक हेडपंप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व विद्यालय के बाह्य परिवेश, फुटबॉल मैदान की साफसफाई, व्यक्तिगत स्वास्थ्य परिचर्चा, स्वच्छता को प्रेरित करता चित्रकला, पेंटिंग-पोस्टर निर्माण कार्य, हस्त प्रक्षालन कार्य, सायकल रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता अपनाने, स्वच्छ रहने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम मे अतिथि स्वरूप शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती एनमति राजवाड़े व उपाध्यक्ष श्रीमती कैलासो, श्रीमती मानमती जायसवाल उपस्थिति रहीं। संस्था के बाल कैबिनेट के स्वच्छता मंत्री सुश्री अनीता राजवाड़े व उपमंत्री रजनी विश्वकर्मा सहित सक्रिय सहयोगी के रूप में टिकेश्वरी राजवाड़े, रेशमी राजवाड़े, नीशु राजवाड़े व मयूरी रजवाड़े को तथा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से प्रथम- दिव्या राजवाड़े, द्वितीय- अभिषेक विश्वकर्मा एवं तृतीय संजू देवांगन को, कक्षा सातवीं में प्रथम- कुमारी रूपा विश्वकर्मा, द्वितीय- कुमारी वर्षा सिंह, तृतीय- रजवंती राजवाड़े को एवं कक्षा आठवीं में प्रथम- अंजू राजवाड़े, द्वितीय- दामोदर प्रसाद राजवाड़े एवं तृतीय शालिनी यादव को कापी-पेन से पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि संस्था के समस्त कार्यों को संस्थागत अंजू राजवाड़े व केशवनंद रजवाड़े के कुशल नेतृत्व में संपन्न कराया जाता है।

### सभी विभागों द्वारा किया जा रहा स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। आदेशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा स्वीप अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 सितम्बर को अभिलाषा में दिव्यांगजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया और मतदान के लिए जागरूक किया गया। पंचायत विभाग द्वारा मतदान जागरूकता के लिए 21 सितम्बर को पंचायत विभाग के कर्मचारियों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान, 22 सितम्बर को हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक, एवं 25 सितम्बर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा 17 सितम्बर को लाईवलीहुड कालेज एवं 24 सितम्बर को आईटीआई में रैली व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा 20 सितम्बर को ग्राम बागतराई एवं ग्राम आमगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 सितम्बर को पोस्टर एवं 15 सितम्बर को चूडियों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया।

### हिन्दी दिवस पर गर्ल्स कॉलेज में हुई प्रशोन्नत्तरी प्रतियोगिता

**कोरबा।** हिन्दी दिवस के अवसर पर आज शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा के हिन्दी विभाग के द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत हिन्दी साहित्य की छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती संध्या पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का संचालन डॉ डेज़ी कुजूर, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी के द्वारा किया गया। हिन्दी विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की हिन्दी साहित्य की 26 छात्राओं ने भाग लिया। इसके पश्चात छात्राओं के लिए तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी दिवस की उपयोगिता विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने बड़े ही प्रभावशाली तरीके से अपने विचार प्रस्तुत किये । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु पूर्णिमा यादव बीए अंतिम वर्ष कु श्रद्धा जांगड़े एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर रहीं जबकी कु वंदना पंडित बी ए अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान पर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाएं : ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। गृह मंत्री, लोक निर्माण एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू 36 फोर्ट मैरिज रिसॉर्ट में आयोजित श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि श्रमिक सम्मेलन का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ सभी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराकर इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाने को कहा।**



मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं तथा उनमें कार्यरत श्रमिकों से अभिदाय प्राप्त किया जाता है। प्राप्त अभिदाय एवं शासन द्वारा दी गई सहायता अनुदान राशि से संगठित श्रमिकों के कल्याण हेतु योजनाएं संचालित की जाती है।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए 66 प्रकार की योजनाएं संचालित है, ताकि श्रमिकों के साथ-साथ उनके बच्चों को भी योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे श्रमिक व अन्य जनप्रतिनिधि शासन की योजनाओं का लाभ उठा सके। आप सुखी रहें आपका परिवार सुखी रहें इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री केशव बंटी हरमुख ने कहा कि श्रम कल्याण मंडल द्वारा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। अब तक करीब 45 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है।

श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री सशक्ति सहायता योजना के 53, मिनीमाता महतारी जतन योजना के 49, मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना के 11, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के 1310, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना के 534 एवं ई-रिक्शा सहायता योजना के 10 इस प्रकार कुल 1967 हितग्राहियों को 90 लाख और श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना के 520, सायकल सहायता योजना के 269 एवं सिलाई मशीन सहायता योजना के 48 इस प्रकार कुल 837 हितग्राहियों को 43 लाख रूपए की राशि का चेक वितरित किया गया।

इस मौके पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नियोजकों को उत्कृष्ट श्रमिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया जिसमें - भिलाई इंजीनियरिंग एंड फ्रेब्रीकेशन, भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमि., जे.डी.फूड्स प्रोडक्शन प्रा.लि., सिम्पलेक्स लिमि., रायपुर पावर एण्ड स्टील लिमि., निशेस इसपात प्रा.लि., जय श्री बाला जी इंडस्ट्रीज, टापबर्थ स्टीलस एंड पावर प्रा.लि., एनटीपीसी सेल पावर कम्पनी प्रा.लि., छ.ग. डिस्लरी लिमि., सोना वेबरेज, जे.के.लक्ष्मी सीमेंट, एसीसी सीमेंट, बीईसी फूड्स, बीएसपी भिलाई स्टील प्लांट, कैरो स्क्रेप, वोशलो बीके, राईस मिमल, श्री सीता राईस मिल, श्री सीता पल्सेस (दाल मिल), कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई, पीडिया हेल्थ प्रा.लि., दत्ता इंटरप्राईजेस, खालसा इंजीनियरिंग, सिक्योरिटी सर्विस, साई राम मोर्टस को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, महापौर रिसाली शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमां चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, सदस्य श्रम कल्याण मंडल झुमुक लाल साहू अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, अध्यक्ष माटी कला बोर्ड बालम चक्रधारी, पिछड़ा वर्ग आयोग आर एन वर्मा, पूर्व महापौर नीता लोधी, रजक कल्याण मंडल सदस्य राजेंद्र रजक, अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी, कृषि सभापति योगिता चंद्राकार, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़, मोहन हरमुख, सरोजनी चंद्राकार, वीरेंद्र यादव, हेमंत बंजारे, मुकुंद पारकर सहित समस्त जनपद सदस्य गण, समस्त सरपंच गण, आयुक्त एस एल जांगड़े, हेल्थ एवम् सेफ्टी आशुतोष पांडे, सहायक आयुक्त श्रद्धा केशरवानी सहित श्रम कल्याण मंडल के अधिकारी कर्मचारी सहित भारी संख्या में श्रमिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, उपास्थ्य केन्द्र आदेर का हुआ उदघाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** जिला नारायणपुर अंतर्गत जिला मुख्यालय से 75 किमी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओरछा से 15 किमी दूर पहुंचविहिन क्षेत्र आवगमन के साधन नहीं होने के बावजूद कलेक्टर महोदय जिला नारायणपुर के अथक प्रयासों एवं मार्ग दर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नारायणपुर के द्वारा अबुझमाडिया (विशेष पिछडी जनजाति), माडिया जनजाति एवं अन्य निवासाजनसमुदाय को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रदाय करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ विगत एक माह से ला एवं वेलनेस सेंटर उपस्वास्थ्य केन्द्र आदेर में अपोसरचना उन्नयन करते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका हेतु निवास सहित प्रसव पूर्व संदर्भन केन्द्र की व्यवस्था करते हुये 14 सितंबर को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, उपास्थ्य केन्द्र आदेर का उदघाटन निवासरत ग्रामीणो की उपस्थिति में गायता पुजारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदेर में पदस्थ शिक्षक एवं महिला सचिव के माध्यम से कराया गया। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, उपस्वास्थ्य केन्द्र आदेर सह प्रसव पूर्व संदर्भ केन्द्रको माध्यम से सेक्टर आदर अंतर्गत 16 आश्रित ग्रामो (ओरामेटा बोढरबेडा, कोन्दाकोटी, महतोन्दावदा, भटबेडा, मरकाबेडा, कुडमेर चालबेर कुरुतेकाल, हलवेल, धोबे, जाटलूर, तोडीमा मौसमवाडा, बोटेर हिल) निवासरत जनसमुदाय, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रदाय होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा समस्त ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि हेल्थ एवं सेंटर उपस्वास्थ्य केन्द्र आदेर सह प्रसद पूर्व सदर्भन केन्द्र में गर्भवती महिलाओं को 15 दिवस प्रसव पूर्व संचालित स्वास्थ्य संख्या में भर्ती कर पोषणयुक्त भोजन प्रदाय किया जायेगा एवं प्रसव पूर्व गंभीर परिस्थितियों से निपटने हेतु समस्त आवश्यक जांच कर सामान्य प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराते हुये प्रति दिवस 150 रूपये की दर से अधिकतम 15 दिवस तक 2250 रूपये प्रोत्साहन राशि स्वरूप प्रदाय किया जायेगा, इस हेतु ग्रामीणों, आगनबाडी कार्यकर्ताओं मितानिनी कार्यरत स्वास्थ्य साथी से गर्भवती महिलाओं को आवश्यक सहयोग एवं क्षेत्र में जनजागरूकता तथा संस्था के माध्यम से प्रदाय किये जाने वाले सुविधाओं का प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। ग्राम आदेर में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर सह प्रसवपूर्व संदर्भन केन्द्र प्रारंभ किये जाने से निवाससा ग्रामीणो के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा धान में पेनिकल माईट प्रबंधन पर दी गई सलाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ ने फसलों में होने वाले पेनिकल माईट के प्रकोप के संबंध में सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सही समय में सही कृषि दवाई का उपयोग किया जाए ताकि फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके। पेनिकल माईट का प्रकोप सितम्बर-अक्टूबर माह में अधिक होता है।**

यदि पिछले वर्ष धान में पेनिकल माईट का प्रकोप हुआ है तो वर्तमान फसल मौसम में माईट प्रबंधन उपाय आवश्यक है। पेनिकल माईट नग्न ऑखों से दिखाई नहीं देता है। लीप शीथ के अंदर इसे देखने के लिए न्यूनतम 20× हेंड लेंस की आवश्यकता होती है, वयस्क माईट भूसे के रंग, अण्डाकार एवं लगभग 250 माइक्रोन लम्बाई के होते है। नर कीट अधिक सक्रिय होते और पत्ती सतह पर चलते हुए हैंड लेंस से देख सकते है। तापमान के आधार पर 7-12 दिन में एक सम्पूर्ण जीवन चक्र पूर्ण कर लेते है। यह कीट अंकूरण से लेकर फसल पकने तक प्रत्यक्ष रूप से पत्ती शिरा, लीफशीथ व दाने का नुकसान करता है एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोगजनकों को बढ़ावा देती है। जिससे बांझ अनाज सिंड्रोम, शीथ रॉट, मुड़ा हुआ गर्दन, खाली या आंशिक भरे दाने के साथ भूरे रंग के साथ विकृत दाने का विकास होता है। लीप शीथ के नुकसान से पौधे की प्रकाश संश्लेषण एवं प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे लगभग 80 प्रतिशत तक उत्पादन में कमी आ सकती है। इसका प्रकोप स्वर्णा, कर्मा मासुरी, सुगंधित धान, संकर किस्म, महामाया, सांभा आदि किस्मों में माईट का ज्यादा प्रकोप होता है। पूर्वोपाय-ग्रसित क्षेत्र मे फसल कटाई के बाद जुताई करें जिससे सर्दियों में फिर से नये पौधे न निकल पायें।

कम स्तर पर माईट की संख्या पकडने के लिए रोपाई के 15 दिन बाद नमूना ले एवं रबी मे धान फसल लेने से बचें। चूंकि माईट कीट ना होकर के एक प्रकार की मकड़ी की प्रजाति है दूसरा छिड़काव 2-3 बाली आने के स्थिति में हेक्साथियोजोक्स 5.45 प्रतिशत ईसी का 250 मिली प्रति एकड याएबोमेक्टिन 1.8 प्रतिशत 100 मि.ली. प्रति एकड या फेनपायरोक्सीमेट 5 प्रतिशत ईसी का 300 मि.ली. प्रति हेक्टयर उपयोग करें।

## भिलाई चेम्बर की नई पहल

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर युवाओं के लिए रोजगार मेला व कर्मकार सेवा सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई नित नए आयोजन करती है। इसी कड़ी में इस बार विश्कर्मा जयंती व माननीय प्रधानमंत्री जी जन्मदिवस को यादगार बनाने एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। भिलाई चेम्बर द्वारा रविवार 17 सितंबर को कर्मकार सेवा सम्मान समारोह के अंतर्गत रोजगार मेला (जॉब फेयर) व कर्मकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले की जानकारी देते हुए महामंत्री अजय भसीन व भिलाई अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि बड़ी बडी कंपनीया इस मेले में युवाओ को रोजगार देने 17 सितंबर रविवार को आ रही है।इस मेले में हर तरह की जॉब के लिए युवा निशुल्क शामिल होकर अपनी मनपसंद नोकरी के लिए आवेदन कर सकते है।कंपनी व प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे व रोजगार की प्रकिया को सरल करते हुए तुरंत भी अपॉइंटमेंट लेटर देंगे।

भसीन ने युवाओं से आह्वान किया है कि इस रोजगार मेले में आये और हमारी सेवाओ का लाभ उठाएं। यह रोजगार मेला उत्सव भवन सुंदर नगर में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित है। पंजीयन अनिवार्य है।अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9826725360 पर सम्पर्क कर सकते है।




महामंत्री अजय भसीन व गार्गी शंकर मिश्रा ने आयोजन के बारे में बताया कि रविवार को उन कर्मठ,विश्वसनीय कर्मकारो का सम्मान किया जाएगा जो पिछले 20-25 वर्षो से एक ही संस्थान में अपनी सेवाएं दे रहे है। अजय भसीन व गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि कर्मकार सम्मान पहली बार ऐसा सम्मान हमारी संस्था द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लगातार एक ही प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारी इस सम्मान के हकदार है। लगातर एक ही संस्थान में वो ही व्यक्ति रह सकता है जो ईमानदार है ,कर्मठ है और कार्य के प्रति समर्पित है।

अजय भसीन ने बताया कि जानकारी देते हुए बताया कि कर्मकार सेवा सम्मान में 51 कर्मकारो का सम्मान किया जाएगा।सभी को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण हो गई है। सुबह 10 बजे रोजगार मेला व मुद्रा लोन प्रारम्भ किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी शंकर सचदेव ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुद्रा लोन शिविर भी लगाया जाएगा।जिन भी व्यापारियों को मुद्रा लोन लेना हो वे भी कार्यक्रम स्थल पर मुद्रा लोन काउंटर पर संपर्क करे।

# सीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले स्थानीय कर से मुक्त करने पर जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सीएसआईडीसी के अध्यक्ष डॉ. डॉ नंद कुमार साय ने आज औद्योगिक संगठनों के विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में बैठक की। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए डॉ. नंदकुमार साय ने सभी औद्योगिक संगठनों को औद्योगिक अधोसंरचना को उत्कृष्ट श्रेणी पर लाने सभी उद्योगों को एक अच्छी सुविधा प्रदान करने और भविष्य में उन्हें अपने उद्योग चलाने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए, इस संबंध में चर्चा की गई। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग एवं विभिन्न उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने सीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले स्थानीय कर से उद्योगों को मुक्त करने पर छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में उद्योग जगत के लगभग 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए । इस अवसर पर सीएसआईडीसी के कार्यपालक संचालक अनिल श्रीवास्तव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव आलोक त्रिवेदी तथा उद्योग संचालनालय के संजय गजघाटे मौजूद रहे। बैठक में प्रमुख रूप से कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, पीएचडी चैंबर ऑफकॉमर्स, उरला इंडस्ट्री एसोसिएशन, प्लास्टिक इंडस्ट्री एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, छत्तीसगढ़ रि-रोलिंग मिल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं व्यापार उद्योग संगठन, दलित चेंबर ऑफ कॉमर्स, लघु उद्योग व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी शामिल हुए।




कार्यक्रम के अंत में सीएसआईडीसी के महाप्रबंधक ओ पी बंजारे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

ज्ञापन

क्र0 361/ वांचक 2 / अति. तह. भिलाई / 2023
भिलाई दिनांक 15.09.2023

प्रति
महाप्रबंधक
जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र
जिला दुर्ग छ.ग.

विषय: जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत् ।

विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक माननीय मुख्यमंत्री के पत्र क्रमांक /दिनांक 16.09. 2022 एवं श्रीमान कलेक्टर महोदय दुर्ग के जन चौपाल टोकन नं0 210022300367 सुरक्षा नं0 132 दिनांक 16.01.2023 एवं कार्यालय कलेक्टर ( आबंटन शाखा ) दुर्ग के पत्र क्रमांक 299 / स्टेनो अ.वि.अ./ 2022 दुर्ग दिनांक 25.01.2023 संदर्भित पत्र प्राप्त हुआ हैं। जिसमे आवेदक श्री राजीव गुप्ता अध्यक्ष मगध तैलिक समाज कार्यालय जयहिंद चौक एम.आर.09 रोड वाड क्रमांक रामनगर भिलाई द्वारा अपने समाज के लिये सामाजिक मांगलिक वैवाहिक कार्यक्रम हेतु ग्राम छावनी प0ह0नं0 59 रा.नि.मं0 कोहका तह0 व जिला दुर्ग स्थितं भूमि खसरा नं 869 कुल रकबा 4.3660हे. मे से 7500 वर्गफीट भूमि का मांग किया गया हैं ।

उक्त भूमि आबंटन के संबंध में आपके विभाग को कोई आपत्ति हैं तो कारण सहित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत करें अन्यथा अपना अनापत्ति पत्र दो दिवस के अंदर प्रेषित करने का कष्ट करें।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
उप तहसील भिलाईनगर

### शासन ने मांगा पेंशनरों के जीवित होने का सर्टिफिकेट, 31 अक्टूबर तक जमा करने के आदेश

**दुर्ग।** राज्य शासन के आदेशानुसार पेंशनरों के जीवित होने का प्रमाण पत्र 31 अक्टूबर तक जमा करने आदेश जारी किया गया है।नगर पालिक निगम दुर्ग के पेंशनधारी अधिकारी/ कर्मचारी के जीवित होने का सर्टिफिकेट राज्य शासन ने मांग है,पेंशनरों को पेंशन मिलेगी।जिसके परिपालन में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि हर पेंशनरों को जानकारी दी जाए कि पेंशनधारी कर्मचारियों के जीवित होने का सर्टिफिकेट शासन को भेजना है, तभी पेंशनरों को पेंशन मिलेगी। यदि सर्टिफिकेट जमा करने में लापरवाही की तो पेंशनरों को पेंशन मिलना बंद हो जाएगा। इसलिए नगर निगम के पेंशन शाखा ने पेंशनरों का जीवित प्रमाण-पत्र मांगा है। उन्होंने कहा अति आवश्यक है पेंशनधारियों का जीवित प्रमाण पत्र जमा करना। मृत्यु के बाद भी जमा होता है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# दुर्ग पुलिस ने चांदी के तस्करों को पकड़ा, 125 किलो चांदी के जेवर जब्त, बंगाल से हो रही थी सप्लाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** त्योहारी सीजन के साथ ही दुर्ग जिले में चांदी की तस्करी शुरू हो गई है। दुर्ग पुलिस ने शुक्रवार को आपापुरा के एक मकान से चांदी की तस्करी का भांडाफोड़ किया है। यहां से चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 125 किलो चांदी के जेवर बरामद किए हैं। जेवर अलग अलग किस्म के हैं। बरामद ज्वेलरी की कीमत 92 लाख रुपए बताई जा रही है। चांदी के संबंध में तस्कर किसी भी तरह का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आयकर विभाग को इसकी सूचना दे दी है।





दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रकाश सिंह नाम का व्यक्ति आपापुरा में किराए के मकान में रहता है और आभूषणों की तस्करी करता है। सूचना के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एक टीम बनाई गई और शुक्रवार को उक्त मकान में दबिश दी गई। पुलिस जब उस मकान में पहुंची तो यहां पर चांदी के ढेर सारे आभूषण देख उनकी आंखें फटी की फटी रह गई। मौके पर पुलिस ने 125 किलो चांदी के आभूषण कीमती 90 लाख रुपए बरामद किए। पुलिस ने प्रकाश सिंह व उसके साथियों को गिरफ्तार किया है।

### पश्चिम बंगाल से आ रहे थे चांदी के आभूषण

पूछताछ में पुलिस को प्रकार सिंह ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल से चांदी के आभूषण लाता है और यहां लोकल मार्केट में ज्वेलर्स को सप्लाई करता है। पश्चिम बंगाल में रहने वाले सुब्बू सिंह उसे चांदी के आभूषण भेजता था। बंगाल से आए आभूषणों को वह किराए के मकान में रखता और यहां के ज्वेलर्स को सप्लाई करता था। बरामद चांदी के संदर्भ में प्रकाश सिंह के पास किसी भी प्रकार के जीएसटी दस्तावेज नहीं थे।

प्रकास सिंह ने पुलिस को बताया कि वह नगदी में व्यापार करता है और इससे संबंधित कोई बिलिंग भी नहीं करता। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि भारी मात्रा में जीएसटी व इनकम टैक्स की चोरी भी की गई है। पुलिस ने फिलहाल पूरे चांदी के जेवर जब्त कर लिए हैं और जीएसटी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को इसकी सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि दुर्ग भिलाई व आसपास जिनको इन लोगों ने चांदी के जेवर बेचे हैं वे भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

# हाथी के हमले में एक ग्रामीण की हुई मौत एक महीने में गई पांच लोगों की जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल के केंदई और पसान रेंज में हाथियों का तांडव जारी है। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे दंतैल हाथी ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले एक सप्ताह में यह चौथी घटना है जब हाथी के हमले से जनहानि हुई हो।

केंदई रेंज के रिहायशी इलाके में दंतैल ने एक बुजुर्ग ग्रामीण पर हमला कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। आपको बता दे कि कटघोरा वन मंडल इलाके में 43 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस झुंड से अलग एक दंतैल घूम रहा है जो लगातार इंसानी बस्तियों में घुसकर लोगों की जान ले रहा है। एक माह के भीतर हाथी के हमले से पांच लोगों की जान जा चुकी है। वही हाथियों ने किसानों की सैकड़ों एकड़ खेतो पर लगे धान की फसल को भी तबाह कर दिया है। ग्रामीण अपनी जान बचाने रतजगा करने को मजबूर हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी लाचार नजर आ रहे हैं।



## कार में मिले 17 लाख रुपए

# कार ड्राइवर बता नहीं पाया रुपए किसके हैं, पुलिस ने किया जब्त





श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती जिलों में जांच तेज कर दी गई है। इसी कड़ी कड़ी में सरगुजा जिले की उदयपुर थाना पुलिस ने गुरुवार रात एक कार से 17 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। कार ड्राइवर जब इन रुपयों को लेकर पूछा गया तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने रुपए जब्त कर आयकर विभाग को सूचना दे दी है।

छत्तीसगढ़ में विधानसभ चुनाव को देखते हुए जिले के एसपी ने सभी थाना-चौकी क्षेत्रों में कड़ी नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। गुरुवार रात उदयपुर थाना चेक पोस्ट पर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर के नेतृत्व में गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान अंबिकापुर की ओर से टाटा नेक्सन क्रमांक सीजी 12 बीके 6202 को रोककर जांच की गई, तो इसमें से 17 लाख रुपए नगद बरामद हुए। कार को ओंकार सिंह राणा (59) चला रहा था जो कि कोरबा जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र में विकासनगर का रहने वाला है। रुपए को लेकर वह पुलिस को संतोषजनम जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने 17 लाख रुपए जब्त कर लिए हैं। मामले की सूचना आयकर विभाग को दी गई है।

# यात्री बस में लगी आगः बाल-बाल बचे छात्रावास के 17 बच्चे और शिक्षक, खेल प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे थे बिलासपुर

**कांकेर (ए)।** कांकेर जिले में शुक्रवार देर रात आग लगने से यात्री बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। बस नारायणपुर से बिलासपुर जा रही थी, जिसमें रामकृष्ण मिशन हॉस्टल के 17 बच्चे और 2 शिक्षक समेत 21 लोग सवार थे। मामला ताड़ोकी थाना क्षेत्र का है।





जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर के आश्रम से 17 बच्चों को लेकर 2 शिक्षक बिलासपुर जाने के लिए निकले थे। इन छात्रों को वहां आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेना था। बस कांकेर जिले के धुर नक्सल प्रभावित ताड़ोकी थाने के पास पहुंची ही थी, तभी गेट पर ड्यूटी पर तैनात जवान ने बस के टायर से चिंगारी उठती हुई देखी।

ये देख पुलिस जवान ने तुरंत थाना प्रभारी अमित पद्मशाली को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी ने बिना देरी किए बस का पीछा किया और करीब 1 किलोमीटर बाद उसे रोक लिया। उन्होंने सभी बच्चों, शिक्षकों और ड्राइवर को बस से नीचे उतारा।

### पुलिस जवान की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

थाना प्रभारी अमित पद्मशाली ने बताया कि बस के टायर से चिंगारी उठता हुआ देखकर इसकी जानकारी ड्यूटी पर तैनात जवान ने उन्हें दी थी, जिसके बाद बस को रोका गया। पुलिस जवान की सतर्कता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

# ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत में एक शख्स की हुई मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जगदलपुर।** पीजी कॉलेज के सामने शुक्रवार की शाम को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर व बाइक में भिड़ंत हो गई। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि टेकामेटा निवासी आयतु बघेल पिता भैरव बघेल 23 वर्ष अपने दोस्त ईश्वर को बाइक पर लेकर धरमपुरा की ओर काम पर गया हुआ था। शुक्रवार की शाम वापस आने के दौरान अचानक से सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसके बाद आयतु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ईश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पत्नी 4 माह की गर्भवती बताई जा रही है। घटना की जानकारी लगते ही घर में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाज भिजवाया गया है।

# रायपुर में मर्डरः महिला से करीबी के चक्कर में हत्या, दोस्तों ने ही मार दिया चाकू

**रायपुर (ए)।** रायपुर में एक युवक की हत्या कर दी गई। दोस्तों के बीच हुए आपसी झगड़े ने जानलेवा रूप ले लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। हत्या के इस मामले में फरार दो बदमाशों को अब पुलिस ढूंढ रही है।

यह सारा मामला उरला थाना इलाके का है। जिस युवक की हत्या की गई उसका नाम अमर बंजारे था, सतनामी मोहल्ले में रहने वाले अमन पर उसके दोस्त गोलू ने हमला किया। गोलू के साथ एक और युवक इस कांड में शामिल था।

### अवैध संबंध हमले की वजह

इस हत्याकांड के पीछे की वजह अवैध संबंध को बताया जा रहा है। अमन बंजारे का गोलू के परिवार की महिला से नजदीकियां थीं। यह बात गोलू को रास नहीं आई अमन के साथ गोलू शराब पीने पहुंचा और यही इस बात को लेकर दोनों झगड़ने लगे । पहले से ही साथ रखें चाकू से गोलू ने अमन पर वार कर दिया।



बुरी तरह से जख्मी हो जाने की बाद अमन को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हुई। फिलहाल सामने आई जानकारी के मुताबिक अमन और गोलू दोनों ही अपराधी किस्म के थे। कुछ दिन पहले अमन को पुलिस प्रतिबंधित धाराओं में जेल भेजा था। इस हत्याकांड से एक दिन पहले ही गोलू भी जेल से छुटकारा आया था।

### इधर पुलिस कर रही अपराध घटना का दावा

पुलिस का दावा है कि रायपुर में क्राइम का ग्राफ घटा है। बीते 2 सालों की तुलना करें तो हत्या और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध कम हुए हैं। पुलिस के मुताबिक साल 2022 के जनवरी महीने से लेकर अगस्त तक 52 हत्या के मामले सामने आए थे। जबकि 87 मामलों में हत्या की कोशिश की गई। तो वहीं 2023 में जनवरी से लेकर अगस्त तक 40 हत्या के मामले, 60 हत्या की कोशिश हुई है।

इन 2 सालों के दौरान रेप के मामले 197 से घटकर 125 हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, 2022 के इन आठ महीनों में चाकूबाजी के 123 मामले आए। जो 2023 में घटकर सीधे 60 मामले तक सीमित हो गए। पुलिस की माने तो 47 प्रतिशत की इस कमी के पीछे अवैध नशाखोरी के खिलाफ होने वाला एक्शन है।

## खास-खबर



### आसमान से गिरी बिजली और दो डंपरों के परखच्चे उड़े, टायर तक फटे

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली का कहर जारी है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। ताजा मामले में जिले के दीपका खदान में आकाशीय बिजली गिरने से दो डंपरों के परखच्चे उड़ गए। इन डंपरों के टायर सहित ग्लास तक टूट गए। वहीं पास में ही खड़ा कैंपर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि डंपर का टायर फटने से कैंपर वाहन उसकी चपेट में आ गया।

बता दें छत्तीसगढ़ के साथ ही कोरबा जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने का दौर जारी है। शुक्रवार को एसईसीएल की दीपका खदान के भीतर खड़े वाहनों पर बिजली गिरी। दीपका एक्सपेंशन के डंपर यार्ड में खड़े वाहनों पर आकाशीय बिजली गिरने से प्रबंधन को काफी नुकसान उठाना पड़ा। दो डंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और पास में खड़ी कैंपर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनिमत रही कि जिस समय बिजली गिरी उस समय डंपर में कोई सवार नहीं था।



### ट्रेन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जगदलपुर।** जगदलपुर के पंडरीपानी के हजारीगुड़ा में रहने वाला युवक शनिवार की सुबह ट्रेन से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाज लेकर आई। वहीं, घटना की जानकारी लगते ही गांव वालों से लेकर घर वाले मौके पर पहुंच गए।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि पंडरीपानी हजारीगुडा निवासी बुधरू मौर्य पिता भालू मौर्य 30 वर्ष शनिवार की सुबह छह बजे शौच के लिए घर से निकला था। घर से करीब से 300 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर अचानक विशाखापत्तनम की ओर से आ रही ट्रेन से टकरा गया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव के युवक कमलू ने मृतक की पहचान करने के बाद मृतक के परिजन लक्ष्मण बेसरा को फोन पर जानकारी दी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

### आदतन अपराध करने वाले दो लोगों को जिला बदर करने का दिया आदेश

**राजनांदगांव (ए)।** जिला प्रशासन ने आदतन अपराध करने वाले दो व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है। न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक द्वारा आदतन अपराध करने वाले आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 के तहत जिला बदर की कार्रवाई करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर विधिवत उभयपक्षों को सुनवाई किये जाने के पश्चात 2 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा आज आदेश पारित किया गया। पारित आदेशानुसार अटल आवास पेंड्री राजनांदगांव निवासी सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू एवं प्रभात नगर थाना बसंतपुर निवासी प्रवीण उर्फ कढ़ही को मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 6 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए आगामी 1 वर्ष के लिए जिला राजनांदगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, जिला दुर्ग, जिला बालोद, जिला मोहला-मानपुर- अम्बागढ़ चौकी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) एवं जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश दिया गया है तथा उन्हें आदेश जारी होने के एक सप्ताह के भीतर इन जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं एक वर्ष की कालावधि 14 सितम्बर 2024 के पहले प्रवेश नहीं करने आदेशित किया गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# न्याय-भरोसा-सुधार से संवारा शहरी जीवन

मितानों ने घर पर पहुंचाए
1.20 लाख सरकारी दस्तावेज

22.33 लाख से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस
और आरसी की होम डिलीवरी




727 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में
4.40 लाख बच्चों को बेहतरीन शिक्षा

मोबाइल अस्पतालों से
59 लाख लोगों का नि:शुल्क इलाज

टोल फ्री नं. 1100 पर नागरिक सेवाओं से
संबंधित शिकायतों का निराकरण

11,757 लोगों को घर बैठे
ऑनलाइन डायरेक्ट बिल्डिंग परमिशन

मोर मकान-मोर चिन्हारी
सिर्फ 75,000 रुपये में आवास

मोर जमीन-मोर मकान
2,20,189 आवास स्वीकृत

आवासीय व गैर आवासीय भवनों
का नियमितीकरण

30% की कमी
रजिस्ट्री गाईडलाइन दरों में



45.16 लाख परिवारों
का बिजली बिल हाफ

महंगी दवाइयों पर
71% तक की छूट






श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

RO-38116/2

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950